RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

वर्ष : 26 | अंक : 38 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 29 जनवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

पीएम की पाठशाला

# रील्स देखने में समय बर्बाद ना करें : प्रधानमंत्री



**टीचर का काम छात्र का जीवन बदलना**

**माता-पिता बच्चों की तुलना दोस्तों से न करें**

**छात्र रोज लिखें उसे पढ़े और सुने**

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी ने बोर्ड परीक्षा 2024 से पहले देशभर के 10वीं और 12वीं क्लास के छात्रों के तनाव को कम करने के लिए 'परीक्षा पे चर्चा' की। आज यानी 29 जनवरी 2024 को दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम में यह आयोजन हुआ। परीक्षा पर चर्चा के लिए इस वर्ष रिकॉर्ड स्तर पर छात्रों व अभिभावकों ने रजिस्टेशन करवाया था। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी स्टूडेंस्ट, टीचर्स और पेरेंट्स के साथ बोर्ड परीक्षा से पहले होने वाले तनाव और डर को कम करने के लिए टिप्स दिए।

पीएम मोदी ने एक छात्र के सवाल के जवाब में कहा कि एक के बाद एक रील्स देखते रहेंगे तो समय बर्बाद हो जाएगा, नींद खराब होगी, जो पढ़ा है वो याद नहीं रहेगा। नींद को कम ना आंके। आधुनिक हेल्थ साइंस नींद को बहुत तवज्जोह देता है. आप नींद आवश्यक लेते हैं या नहीं, यह आपके स्वास्थ्य पर ध्यान देता है। जिस उम्र में हैं, उसमें जिन चीजों की जरूरत है वो आहार में है या नहीं यह जानना जरूरी है। हमारे आहार में सुतंलन स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, फिटनेस के लिए एक्सरसाइज करना चाहिए, जैसे रोज टूथब्रश करते हैं वैसे ही एक्सरसाइज करनी चाहिए।

आप में से बहुत सारे स्टूडेंट्स मोबाइल का उपयोग करते होंगे और कुछ लोगों को घंटों तक इसकी (शेष पृष्ठ-3 पर)

### संगीत के शिक्षक पूरे स्कूल का तनाव दूर कर सकते हैं

पीएम मोदी ने अभिभावकों में कहा कि संगीत के शिक्षक तो पूरे स्कूल के बच्चों का तनाव खत्म कर सकते हैं। मैं समझती हूं कि किसी भी टीचर के मन में जब यह विचार आता है कि स्टूडेंट के तनाव को कैसे दूर करें, मुझे लगता है कि टीचर के मन में परीक्षा का कालघट है, अगर टीचर और स्टूडेंट का नाता परीक्षा के कालघट का है तो सबसे पहले यह नाता खत्म करें। पहले दिन से एग्जाम आने तक टीचर का स्टूडेंट से नाता बढ़ते रहना चाहिए ताकि परीक्षा के दिन तनाव की नौबत ना आए। जिस जिन आप सिलेबस से आगे निकलकर छात्र से नाता जोड़ोगे तो वह छोटी-मोटी दिक्कतों के समय भी जरूर आपसे बात करेगा।

### मां-बाप संतानों के बीच करते हैं कॉम्पिटिशन

पीएम ने कहा, अगर जीवन में चुनौतियां ना हों तो फिर जीवन बहुत ही चेतनाहीन बन जाएगा, प्रतिस्पर्धा होनी ही चाहिए। लेकिन यह हेल्दी होना चाहिए. मुझे भी परीक्षा पे चर्चा में इस प्रकार का सवाल पहली बार आया है। कभी-कभी इसका जहर, बीज पारिवारिक वातावरण में ही बो दिया जाता है। घर में भी मां-बाप द्वारा दो भाई-बहन के बीच विक्रत प्रतिस्पर्धा का भाव बो दिया जाता है. मेरा आग्रह है कि अपने ही संतानों में ऐसी तुलना मत कीजिए. लंबे समय के बाद यह बीज जहरीला वृक्ष बन जाता है. मां बाप किसी को मिलते हैं तो अपने बच्चे की कथा सुनाते हैं, यह बच्चे के मन में ऐसा प्रभाव करता है कि मैं तो सब कुछ हूं, मुझे कुछ करने की जरूरत नहीं है.

पीएम ने कहा कि एक वीडियो में कुछ दिवयांग बच्चे दौड़ लगा रहे थे, इतने में एक बच्चा गिर जाता है, लेकिन बाकी बच्चों ने पहले उस बच्चे को खड़ा किया फिर दौड़ना शुरू किया। सचमुच में ये वीडियो दिवयांग बच्चों के जीवन का भले ही होगा लेकिन यह हमें बहुत बड़ा संदेश देता है. आपको अपने दोस्त से नहीं बल्कि खुदसे प्रतिस्पर्धा करनी है।

बच्चों के एग्जाम प्रेशर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवार के रोल पर बात की। उन्होंने कहा कि अक्सर परिवार के लोग और टीचर प्रेशर देते हैं। वहीं, तीसरा कारण खुद के द्वारा ज्यादा प्रेशर लेने को वजह बताया।

## एनएमआरसी को घाटे से उबारना मेरा लक्ष्य : डा. लोकेश एम

- एनएमआरसी को हर वर्ष 110 करोड़ रूपये देता है नोएडा प्राधिकरण
- सेक्टर-51-52 स्टेशनों के बीच स्काईवॉक अप्रैल तक होगा चालू
- डीएमआरसी-एनएमआरसी के यूनिफार्म कार्ड पर विचार

**नोएडा (चेतना मंच)।** अभी तक नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एनएमआरसी) की एक्वा मेट्रो का स्थानीय नामकरण नहीं हो पाया है। इसके लिए एनएमआरसी पिछले कई माह से आम जनता व संगठनों को नाम का चयन करने का आहवान कर चुका है। लेकिन अभी तक कोई माकूल नाम नहीं मिल पाया है। बता दें कि मुंबई मेट्रो में आमची मेट्रो तथा चेन्नई में मेट्रो की तर्ज पर नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच चलने वाली एक्वा मेट्रो को स्थानीय नाम देने के लिए एनएमआरसी काफी दिनों से प्रयासरत है।

एनएमआरसी के प्रबंध निदेशक डा. लोकश एम का कहना है कि वे एक्वा मेट्रो को एक ऐसा नाम देना चाहते हैं जिसको यहां के लोगों की भावना उस नाम से जुड़ सके। वे इसे करके ही मानेगे। इसके लिए पूरे प्रयास चल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि एनएमआरसी राजस्व बढ़ाने के लिए कई उपाय कर रहा है। इसके तहत नान फेयर बॉक्स के तहत भी कई योजनाएं शुरू की गयी है। जिसको मेट्रो कोच व स्टेशन पर फिल्मों की शूटिंग व बर्थ-डे पार्टी, क्योस्क योजना, (शेष पृष्ठ-3 पर)

## यमुना एक्सप्रेसवे पर कोहरे में फिसली बाइक, युवक की मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** यमुना एक्सप्रेसवे पर आज सुबह घने कोहरे में बाइक फिसलने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। वही अलग-अलग स्थान पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई।

थाना रबूपुरा प्रभारी ने बताया कि आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि यमुना एक्सप्रेसवे पर बाइक सवार दो युवक सड़क किनारे लहूलुहान पड़े हुए हैं। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत कैलास अस्पताल पहुंचाया जहां एक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान कुशीनगर निवासी संजीव कुमार गुप्ता तथा घायल की पहचान सुनील के रूप में हुई है। संजीव कुमार गुप्ता तथा सुनील बाइक से जेवर से नोएडा की तरफ आ रहे थे। मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। थाना ईकोटेक तीन क्षेत्र के हबीबपुर पक्की पार्किंग के पास क्रेन की टक्कर लगने से राजकरण गंभीर रूप (शेष पृष्ठ-3 पर)

# नौकरी छूटने पर मौत को लगाया गले

### मानसिक तनाव में युवक ने दी जान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नौकरी छूटने से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वही छिजारसी कॉलोनी में रहने वाले युवक ने मानसिक तनाव के चलते फांसी लगाकर जान दे दी।

ग्राम महोली जनपद सीतापुर निवासी (22 वर्ष) सुमित अपने चचेरे भाई जितेंद्र के साथ सुत्याना गांव में किराए पर रह रहा था। रविवार की सुबह जितेंद्र अपनी ड्यूटी पर चला गया था। शाम के समय जब वह ड्यूटी खत्म कर घर लौटा तो कई बार दरवाजा खटखटाना पर भी सुमित ने दरवाजा नहीं खोला। वह पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुआ तो उसे सुमित फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

थाना प्रभारी सरिता सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सुमित के करीब 15 दिन पूर्व नौकरी छूट गई थी। नौकरी छूटने के कारण वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। उन्होंने आशंका जताई कि संभवत नौकरी छूटने के कारण सुमित ने आत्महत्या की है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मीडियाकर्मी का बदला एटीएम कार्ड, निकाली नकदी

**नोएडा (चेतना मंच)।** न्यूज़ चैनल में कार्यरत मीडियाकर्मी का एटीएम कार्ड बदलकर जालसाज ने 98000 निकाल लिए। पीड़िता ने थाना सेक्टर 39 में मुकदमा दर्ज कराया है।

दिल्ली निवासी सुमेरा ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह एक मीडिया हाउस में कार्यरत है। उसने अपने सहकर्मी को अपना एटीएम कार्ड देकर 20 हजार रूपए निकालने के लिए भेजा था। उनका सहकर्मी सेक्टर 104 स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम पर पैसे निकालने के लिए गया था। यहां पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे अपनी बातों के जाल में फंसा कर एटीएम कार्ड बदल दिया। एटीएम कार्ड बदलने के कुछ देर बाद ही पांच बार में उनके खाते से 98000 रूपये की धनराशि निकल गई। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

### हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने

## केन्द्रीय वित्त मंत्रालय को भेजे 8 सूत्रीय सुझाव

**नोएडा (चेतना मंच)।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पेश होने वाले केन्द्रीय बजट के पूर्व हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने सरकार की 8 सूत्रीय सुझाव दिये हैं। आज सेक्टर-29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भेजे गए सुझावों की जानकारी दी। उनका कहना है कि इन सुझावों पर यदि वित्त मंत्रालय विचार करे तो उद्यमियों को काफी लाभ व रियायत मिल सकती है।

एचएचईडब्ल्यूए के अध्यक्ष सी.पी. शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन द्वारा हथकरघा/हस्तशिल्प निर्यात के संवर्धन और विकास में विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र पर अधिक जोर दिया गया है। लगभग 5900 निर्यातक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हमारे साथ जुड़े हुए हैं। हमारे प्रधानमंत्री का जो विजन है कि 2030 तक हमें तीन गुना निर्यात करना है। उसके लिए हमें आने वाले बजट (शेष पृष्ठ-3 पर)

## बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट, पांच गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना कासना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 5 अंतरराज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की चार बाइकें बरामद हुई है। चोरी की दो बाईकों पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी।

थाना प्रभारी विद्युत अग्रवाल ने बताया कि पुलिस टीम बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान डाढा गांव की तरफ से दो बाईकों पर आ रहे पांच युवकों को रोकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर दोनों बाइक सवारों ने बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया। हड़बड़ी में दोनों बाइकें आपस में टकरा गई और उस पर बैठे लोग नीचे गिर गए। इसके बाद पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। संदेह के आधार पर पुलिस ने बाइक के कागजात मांगे तो युवक कागजात नहीं दिखा पाए। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अमन, आरिफ उर्फ मंटू, अनूप, दलवीर व पवन बताये। पुलिस ने जब ई-चालान एप पर बाइकों के नंबर डालकर चेक किया तो पता लगा कि उन पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी इसके बाद पुलिस ने दोनों बाइकों के चेचिस व इंजन नंबर (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दुकानदार व बेटे को ग्राहक ने धुना

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दुकान से खरीदे गए विद्युत कंडेनसर को बदलने से इंकार करने पर एक युवक ने दुकानदार और उसके बेटे के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना जेवर में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मोहल्ला ईदगाह रोड जेवर निवासी बलिंदर शर्मा ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीते दिनों वह अपनी बिजली की दुकान पर बैठा हुआ था। कस्बा निवासी सलमान पुत्र इस्माइल उसके दुकान पर से बिजली का कंडेनसर लेकर गया। कुछ देर बाद में दूसरा कंडेनसर लेकर उसके दुकान पर आया और उसे खराब बताकर बदलने को कहा। उसने जब कहा कि यह कंडेनसर पुराना है इसलिए नहीं बदला जाएगा। इस पर वह गाली-गलौज करने लगा। इस बात का विरोध करने पर सलमान ने उसके साथ मारपीट की। इस दौरान जब उसका बेटा उसे बचाने आया तो आरोपी ने उसके साथ भी मारपीट की। झगड़ा होता देखकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर आ गए इसके बाद सलमान जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

## भतीजे को कस्टडी में बताकर साइबर ठग ने लगाया चूना

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** विदेश में रहने वाले भतीजे को पुलिस कस्टडी में बताकर उसकी चाची से साइबर ठग ने दो लाख रुपए ठग लिए। पीड़िता ने थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर बीटा-1 के टाटा स्टील ऑफिस एंक्लेव में रहने वाली निधि माहेश्वरी ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उनका भतीजा विदेश में रह रहा है। बीते दिनों उनके पास एक व्यक्ति का फोन आया और उसने बताया कि उनके भतीजे से एक्सीडेंट हो गया है और वह पुलिस कस्टडी में है। उक्त व्यक्ति ने एक कथित एडवोकेट से भी उसकी बात कराई जिसने बताया कि उसके भतीजे के सभी अकाउंट, फोन नंबर व पासपोर्ट पुलिस ने जब्त कर लिए हैं। उसे छुड़ाने के लिए दो लाख रुपए की सख्त आवश्यकता है। उन्होंने अपनी मां के अकाउंट से दो लाख रुपए बताए गए अकाउंट में आरटीजीएस के द्वारा ट्रांसफर कर दिए। कुछ समय बाद उनकी अपने भतीजे से बात हुई तो उसने इस तरह की कोई भी घटना होने से साफ इनकार कर दिया। ठगे जाने का एहसास होने पर उन्होंने ऑनलाइन साइबर फ्रॉड की रिपोर्ट दर्ज कराई।

थाना बीटा-2 प्रभारी ने बताया कि महिला द्वारा उपलब्ध कराए गए फोन नंबर व बैंक खातों के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## सोसायटी में बाउंसरों की गुंडागर्दी, युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा की एक सोसाइटी में बाउंसरों की गुंडागर्दी दिखाई दी। बाउंसरों व गार्डों ने एक युवक को लात घुसों से दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। बाउंसर द्वारा युवक की पिटाई किए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मामला ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र की आम्रपाली लेजर सोसायटी का बताया जाता हैं दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक बाउंसर एक युवक की लात-घूसों से पिटाई करता हुआ नजर आ रहा है। इस दौरान पिटाई का वीडियो बना रहे शख्स को भी बाउसंरों ने धमकाया।

इस बारे में बिसरख थाना पुलिस का कहना है कि देर रात ब्लैंकेट कंपनी का एक डिलीवरी ब्वॉय के सोसाइटी में प्रवेश को लेकर आपस में विवाद हुआ था। गार्डों ने डिलीवरी बॉय को रोक दिया। जब इसका विरोध सोसायटी के रेजीडेंस अवनीश कुमार ने किया तो उनके साथ तीन सिक्योरिटी गार्डों व बाउंसरों ने मारपीट की एवं सोसाइटी निवासी के साथ दर्व्यवहार एवं मारपीट की। (शेष पृष्ठ-3 पर)



## घर में घुसकर देवर तथा उसके बेटों ने की मारपीट

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-49 में पांच लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने अपने देवर व उसके पुत्रों को नामजद किया है। यह मुकदमा न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया गया है।

ग्राम होशियारपुर निवासी विद्या देवी ने बताया कि वह अपने पति राम अवतार के साथ होशियापुर गांव में भूसा बेचकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है। उनका देवर सुंदर शर्मा व उसके लड़के आए दिन उसके पति तथा बेटों के साथ गाली-गलौज में मारपीट करते हैं। बीते 24 सितंबर की रात्रि को सुंदर अपने बेटे केशव शर्मा, कार्तिक शर्मा, फरमान व मुंशी के साथ उनके घर में जबरन घुस आया और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सुंदर व उसके बेटों ने लाठी डंडों से जमकर मारपीट की। इस दौरान आरोपियों ने उनके छोटे बेटे प्रवेश का सर फाड़ दिया इस हमले में उसके पति तथा दोनों बेटों को गंभीर चोटे आई। मारपीट के बाद सुंदर परिजनों को जान से मारने की धमकी देकर चला गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# बेरोजगारी की सत्ता

बेरोजगारी की चीखों के बीच नीतियों का इंतखाब करना भी मुश्किल हो गया है। सरकार गेस्ट टीचर के लिए स्कूलों के गेट नहीं खोल पाई तो इसलिए कि इस नीति की घोषणा ने युवाओं के सुर बिगाड़ दिए। कुछ इसी तरह जेओए-817 की परीक्षा पर तरस खाने का मुद्दा भी रहा। जिस परीक्षा प्रणाली के भ्रष्ट तंत्र ने हमीरपुर अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को उखाड़ फेंका, उसी के तहत हुई जेओए परीक्षा को बचाने का प्रयास जारी है। ये परीक्षार्थी अब फरियादी हैं, तो सरकार की अदालत बदल रही है। जाहिर है बेरोजगारी की चीखों की सत्ता अनदेखी नहीं कर सकती, लेकिन मंत्रिमंडल के बीच नैतिकता का विभाजन स्पष्ट रहा। अब मुख्यमंत्री जेओए परीक्षा को तमाम संशय से दूर रखते हुए नौकरी के आवरण से ढांपना चाहते हैं। बहरहाल मसला सरकारी नौकरी को लेकर पुन: खिदमत कर रहा है, तो आंसू पोंछने के लिए मुख्यमंत्री के मुलायम हाथ स्पर्श कर रहे हैं। रोजगार के बाजार में सरकार की आस्था सदा बदलती रही है और यही वर्तमान सरकार की परीक्षा और गारंटी है। एक लाख नौकरियों की बिसात पर अब कुछ ऐसे ही टोटके काम आएंगे। जाहिर है जेओए परीक्षा अगर बरी हो जाए, तो सरकारी रोजगार के आंकड़े कुछ तो काम आएंगे। नौकरी और रोजगार के अवसर पैदा करने का अंतर आज तक हिमाचल की नीतियों को समझ नहीं आया। हालांकि स्टार्टअप के जरिए वर्तमान सरकार की ग्रीन नीति रोजगार के अवसर सृजित करने को तत्पर है या पर्यटन के जरिए सरकार रोजगार को स्वरोजगार का पुष्पगुच्छ सौंपना चाहती है, लेकिन एक कहानी निवेशक की भी है। बीबीएन जैसे हिमाचल के सबसे बड़े औद्योगिक केंद्र से अगर कुछ उद्योग पलायन करने का सोच रहे हैं, तो यह रोजगार के बिंदुओं पर भी हताशापूर्ण वातावरण है। आश्चर्य यह है कि प्रदेश की राजनीति और नेताओं के वक्तव्य केवल सरकारी नौकरी की बात करते हैं, जबकि रोजगार की संभावना के अन्य क्षेत्र खामोश हैं। सरकार गांव के द्वार भी ऐसी ही घोषणाएं चुन रही है, जहां साधारण कालेज को स्नातकोत्तर बनाने की उपलब्धि गिनी जा रही है। हमें लगता है जिस दिन हमारे मंत्री-मुख्यमंत्री युवाओं के प्रयास से शुरू हो रहे व्यवसायों, शोरूमों, बस-टैक्सी संचालन या पर्यटन इकाइयों का आगे बढक़र शुभारंभ करेंगे, हिमाचल के आदर्श और उदाहरण बदल जाएंगे। हम स्कूलों-कालेजों के वार्षिक समारोहों में नेताओं को बुलाकर बच्चों के मन में सियासी प्रभाव का आभामंडन कर रहे हैं, जबकि होना यह चाहिए कि वहां निजी क्षेत्र के सफल व्यावसायियों, युवाओं, डाक्टरों तथा नामी व्यक्तियों को बुलाकर रोजगार की क्षमता की नई पैरवी शुरू की जाए। आश्चर्य यह कि सरकारें शिक्षा के घुंघरू पहनकर नाच रही हैं, जबकि हमारे परिसर नाकाबिल हो चुके हैं। प्रदेश के तीन सामान्य विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त केंद्रीय यूनिवर्सिटी के पाठ्यक्रम में ऐसा क्या है कि राष्ट्रीय स्तर के मानव संसाधन पैदा नहीं हो रहे। प्रदेश में तीन दर्जन कालेज एवं विश्वविद्यालय एमबीए के पाठ्यक्रम का मुखौटा पहने उच्च शिक्षा का उच्चारण कर रहे हैं, लेकिन डिग्रियां बेरोजगारी की मुजरिम बन गईं। इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग को लेकर ही अगर बीबीएन में एक राज्यस्तरीय संस्थान पैदा करते, तो काम करने का कोड बदल जाता। अभी हाल ही में मुख्यमंत्री ने फिल्म शूटिंग को सरल बनाने के लिए एक वांछित घोषणा करके सिने पर्यटन के उद्गम को टटोला है। अगर हिमाचल सिनेमा उद्योग से पींगें बढ़ा ले। गरली-परागपुर में फिल्म सिटी की अवधारणा में अधोसंरचना तथा एक राज्य स्तरीय फिल्म एवं टीवी प्रशिक्षण कालेज शुरू कर दे, तो रोजगार से रेवेन्यू के उद्गार निकलेंगे। हिमाचल की प्रतिभा से निकल रहे स्वरोजगार की पहचान की जाए तथा इसे उचित अवसर दिए जाएं तो रोजगार के मायने बदलेंगे। इसके लिए प्रदेश के सांस्कृतिक, धार्मिक तथा मेलों को सर्वप्रथम एक मेला विकास प्राधिकरण के तहत लाना होगा। रोजगार को सरकारी नौकरी से हटाकर अगर परिभाषित नहीं किया गया, तो यूं ही रोजगार के उपनाम बदलकर 'गेस्ट फैकल्टी' जैसे मुहावरों पर शक रहेगा। रोजगार के अवसर बढ़ाने के फलक पर प्रोत्साहन बढ़ा कर सरकार को नौकरी की पुरानी मान्यताएं तोडऩी होंगी।

# 'सबके राम, सबमें राम' की भावना को स्थापित करने से बनेगा 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत'

अयोध्या में 22 जनवरी, 2024 को रामलला विराजे और तमाम आँखें सजल हो उठीं। ये आँसू यूं ही नहीं आए थे। ये भारत की लगातार आहत होती सभ्यता को एक सुनहरे पल में प्रवेश करते देखकर भर आई आँखें थीं। अयोध्या को इस तरह देखना विरल है। यह शहर सालों से सन्नाटे में था, गहरी उदासी और गहरे अवसाद में डूबा, शांत और उत्साहहीन। जैसे इतिहास और समय एक जगह ठहर गया हो और उसने आगे न बढ़ने की ठान रखी हो। दूरस्थ स्थानों से अयोध्या आते लोग भी हनुमान गढ़ी और कनक भवन जैसे स्थानों को देखकर लौट जाते। चौदहकोसी परिक्रमा करते और चले जाते। राम के लिए आए लाखों लोगों में बहुत कम लोग त्रिपाल या टाट में बैठे रामलला के दर्शन करते। लेकिन 22 जनवरी का नजारा अलग था। हर राह राममंदिर की ओर जा रही थी। आँखों में आँसू, चेहरे पर मुस्कान और पैरों में तूफान था। आखिर हमारे राम को उनके अपने घर और शहर में सम्मान मिलते देखना अद्भुत अनुभव था। सदियां गुजर गईं लेकिन सत्य स्थिर था। इसी सत्य को देखने सारी दुनिया टीवी, मोबाइल स्क्रीन पर आँखें गड़ाए बैठी थी। विवाद का अंत हुआ और सत्यमेव जयते का उद्घोष सार्थक हुआ। यह समाधान सर्वजनहिताय तो था ही।

कभी त्रेता में वनवास गए राम कलयुग में भी एक दूसरी दुविधा के सामने थे। आजाद हिंदुस्तान में भी भारत के इस सबसे लायक बेटे के लिए मंदिर की प्रतीक्षा थी। बाबर के सेनापति द्वारा गिराए मंदिर के सामने पूजा-अर्चना करके आहत समाज यह सोचते हुए लौटता था कि कभी राम का भव्य मंदिर बनेगा। 2024 की यह 22 जनवरी करोड़ों आँखों के सपने सच करने के लिए आई थी। राम भारत के राष्ट्रनायक हैं, जिन्होंने अयोध्या से रामेश्वरम् को जोड़ा। वे दीन-दुखियों के, जीवन जीने के लिए संघर्ष करती आम जनता के पहले और अंतिम सहायक हैं। रामचरित मानस और हनुमान चालीसा की पंक्तियों को दोहराते हुए यह संघर्षरत समाज राम के सहारे ही अपनी जीवनयात्रा को सरल बनाता रहा है। बावजूद इसके आजादी के बाद भी सबको मुक्त करने वाले नायक को मुक्ति नहीं मिली। लंबे समय तक तो वो ताले में बंद रहे। अखंड कीर्तन चलता रहा। किंतु राहें आसान नहीं थीं। अयोध्या आंदोलन की यादें आपको सिहरा देंगीं। 1990 और 1992 की यादें एक गहरी कड़वाहट घोल जाती हैं। राजनीति किस तरह आसान मुद्दों को भी जटिल बनाती है। इसकी कहानी अयोध्या आज भी बताती है। अयोध्या अब अपने सदियों के दर्द से मुक्त मुस्करा रही है।

**राम के लिए आए लाखों लोगों में बहुत कम लोग त्रिपाल या टाट में बैठे रामलला के दर्शन करते। लेकिन 22 जनवरी का नजारा अलग था। हर राह राममंदिर की ओर जा रही थी। आँखों में आँसू, चेहरे पर मुस्कान और पैरों में तूफान था।**

**धैर्य, सहनशीलता और धर्म की जंग थी यह**

दुनिया के किसी पंथ, संप्रदाय के महानायक के साथ यह होता तो क्या होता? सोचकर भी सिहरन होती है। किंतु भारत में यह हुआ और हिंदू समाज के अपार धैर्य, सहनशीलता की कथा फिर से दोहराई गयी। एक साधारण मंदिर नहीं अपने राष्ट्रपुरूष, राष्ट्रनायक की जन्मभूमि के लिए भी लंबा अहिंसक संघर्ष सड़क से लेकर अदालतों तक चलता रहा। सही मायने में 22 जनवरी का दिन हमारे राष्ट्रजीवन में 15 अगस्त,1947 से कम महत्त्पूर्ण नहीं है। क्योंकि 15 अगस्त के दिन हमें अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिली थी तो 22 जनवरी को हम सांस्कृतिक, वैचारिक दासता और दीनता से मुक्त हो रहे हैं। यह भारत की चिति को प्रसन्न करने का क्षण है। यह आत्मदैन्य से मुक्ति का क्षण है। यह क्षण अप्रतिम है। वर्णनातीत है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से लेकर स्व. राजीव गांधी (अपनी अयोध्या यात्रा में) तक रामराज्य लाने की बात करते हैं। किंतु उस यात्रा की ओर पहला कदम आजादी के अमृतकाल में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ाया है। इसलिए सारा देश उनके साथ खड़ा है। कांग्रेस नेता श्री प्रमोद कृष्णन ने सत्य ही कहा है कि यदि श्री मोदी प्रधानमंत्री नहीं होते तो मंदिर निर्माण संभव नहीं होता।

**नए भारत के स्वप्नदृष्टा हैं मोदी**

रामलला का 496 वर्षों बाद अपनी जन्मभूमि पर पुन:स्थापित होना सबको भावविह्वल कर गया। दुनिया भर में बसे 100 करोड़ से ज्यादा हिंदुओं और भारतवंशियों के लिए यह गौरव का क्षण था। इस मौके पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख डा. मोहन भागवत जी ने किसी तरह का राजनीतिक संवाद न करते हुए जो बातें कहीं वो भविष्य के भारत की आधारशिला बनेंगीं। संघ प्रमुख ने रामराज्य की अवधारणा को व्याख्यायित करते हुए भविष्य के कर्तव्य पथ की चर्चा की। उनका कहना था- आज अयोध्या में रामलला के साथ भारत का स्व लौट आया है। संपूर्ण विश्व को त्रासदी से राहत देने वाला एक नया भारत खड़ा होकर रहेगा। उसका प्रतीक यह कार्यक्रम बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर साफ कहा कि- राम आग नहीं ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं समाधान हैं। राम विजय नहीं विनय हैं। राम सिर्फ हमारे नहीं, सबके हैं। यह बात बताती है कि माननीय प्रधानमंत्री एक नए भारत के स्वप्नदृष्टा हैं। नया भारत बनाने और उसमें एक जीवंत ऊर्जा का संचार करने के लिए प्रधानमंत्री ने न सिर्फ रामलला की मूर्ति स्थापना के लिए 11 दिनों का व्रत विधानपूर्वक बिना ठोस भोजन लिए पूर्ण किया, बल्कि उनकी विराट सोच ने इस आयोजन को और भी अधिक भव्य और सरोकारी बना दिया। देश के विविध क्षेत्रों की माननीय प्रतिभाओं को एक स्थान पर एकत्र कर राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट ने इस आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। राजनीति से परे हटकर इस घटना का विश्लेषण करना ही इसे सही अर्थ में समझना होगा। तभी हम भारत और उसकी महान जनता के मन में रमे राम को समझ पाएंगें। 'सबके राम-सबमें राम'की भावना स्थापित कर हम राममंदिर को राष्ट्रमंदिर में बदल सकते हैं। जिससे मिलने वाली ऊर्जा दिलों को जोड़ने, मनों को जोड़ने का काम करेगी। यह अवसर भारत का भारत से परिचय कराने का भी है। जनमानस में आई आध्यात्मिक और नैतिक चेतना को देखकर लगता है कि भारत की एक नई यात्रा प्रारंभ हुई है, जो चलती रहेगी बिना रूके, बिना थके।

**राम हमारा कर्म, हमारा धर्म,**
**हमारी गति है।**
**राम हमारी शक्ति, हमारी भक्ति,**
**हमारी मति है।**
**बिना राम के आदर्शों का**
**चरमोत्कर्ष कहां है?**
**बिना राम के इस भारत में**
**भारतवर्ष कहां है?**

**- प्रो. संजय द्विवेदी**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि वह माया श्री रघुवीर की दासी है। यद्यपि समझ लेने पर वह मिथ्या ही है, किंतु वह श्री रामजी की कृपा के बिना छूटती नहीं। हे नाथ! यह मैं प्रतिज्ञा करके कहता हूँ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जो माया सब जगहि नचावा। जासु चरित लखि काहुँ न पावा॥**
**सोइ प्रभु भ्रू बिलास खगराजा। नाच नटी इव सहित समाजा॥**

जो माया सारे जगत को नचाती है और जिसका चरित्र (करनी) किसी ने नहीं लख पाया, हे खगराज गरुड़जी! वही माया प्रभु श्री रामचंद्रजी की भृकुटी के इशारे पर अपने समाज (परिवार) सहित नटी की तरह नाचती है॥

**सोइ सच्चिदानंद घन रामा। अज बिग्यान रूप बल धामा॥**
**ब्यापक ब्याप्य अखंड अनंता। अकिल अमोघसक्ति भगवंता॥**

श्री रामजी वही सच्चिदानंदघन हैं जो अजन्मे, विज्ञानस्वरूप, रूप और बल के धाम, सर्वव्यापक एवं व्याप्य (सर्वरूप), अखंड, अनंत, संपूर्ण, अमोघशक्ति (जिसकी शक्ति कभी व्यर्थ नहीं होती) और छह ऐश्वर्यों से युक्त भगवान् हैं॥

**अगुन अदभ्र गिरा गोतीता। सबदरसी अनवद्य अजीता॥**
**निर्मम निराकार निरमोहा। नित्य निरंजन सुख संदोहा॥**

वे निर्गुण (माया के गुणों से रहित), महान, वाणी और इंद्रियों से परे, सब कुछ देखने वाले, निर्दोष, अजेय, ममतारहित, निराकार (मायिक आकार से रहित), मोहरहित, नित्य, मायारहित, सुख की राशि,॥

**प्रकृति पार प्रभु सब उर बासी। ब्रह्म निरीह बिरज अबिनासी॥**
**इहाँ मोह कर कारन नाहीं। रबि सन्मुख तम कबहुँ कि जाहीं॥**

प्रकृति से परे, प्रभु (सर्वसमर्थ), सदा सबके हृदय में बसने वाले, इच्छारहित विकाररहित, अविनाशी ब्रह्म हैं। यहाँ (श्री राम में) मोह का कारण ही नहीं है। क्या अंधकार का समूह कभी सूर्य के सामने जा सकता है॥

**दो0-भगत हेतु भगवान प्रभु राम धरेउ तनु भूप।**
**किए चरित पावन परम प्राकृत नर अनुरूप॥**

भगवान प्रभु श्री रामचंद्रजी ने भक्तों के लिए राजा का शरीर धराण किया और साधारण मनुष्यों के से अनेकों परम पावन चरित्र किए॥

क्रमश:

# भारत का एहसान भूल रहा मालदीव

आपरेशन कैक्टस भारतीय सेना की दास्तान-ए-शुजात की वो जांबाजी जब हिंदोस्तान के रणबांकुरों ने जोखिम भरे सैन्य आपरेशन को अंजाम देकर मालदीव को आंतकियों से मुक्त कराया था। देश के प्रथम 'परमवीर चक्र' विजेता हिमाचल प्रदेश के मेजर 'सोमनाथ शर्मा' के भाई जनरल 'वीएन शर्मा' सन् 1988 में भारतीय थलसेना के प्रमुख थे। उस वक्त श्रीलंका के आतंकी समूह 'पीपल लिबरेशन ऑफ तमिल ईलम' के लड़ाकों ने पर्यटकों का भेष धारण करके समंदर में बसे देश मालदीव पर हमला करके वहां तख्तापलट को अंजाम दे दिया था। आतंकियों के घेरे में फंस चुके मालदीव के तत्कालीन राष्ट्रपति 'मौमून अब्दुल गयूम' ने अपने मुल्क को उस आतंकी हमले से बचाने के लिए अमरीका, ब्रिटेन व मलेशिया जैसे कई देशों से मदद की गुहार लगाई, मगर मालदीव के एयरपोर्ट, टीवी टावर व रेडियो स्टेशन जैसे बुनियादी ढांचे पर कब्जा कर चुके आतंकियों का मुकाबला करने की जहमत किसी भी मुल्क ने नहीं उठाई थी।

आतंकियों के तर्जुमान पाकिस्तान से भी मालदीव ने मदद के लिए राफ्ता किया था, मगर निराशा हाथ लगी। जब अब्दुल गयूम के लिए सवाल मालदीव की इज्जत-ए-नफ्ज का बना, तब ब्रिटेन की तत्कालीन प्रधानमंत्री 'मारग्रेट थैचर' ने मालदीव को भारत से मदद मांगने का मशविरा दे डाला था। आखिर मालदीव के सदर मौमून अब्दुल गयूम की गुजारिश पर भारत की तत्कालीन हुकूमत व भारतीय सेना हरकत में आई। मालदीव को उस आतंकी हमले से आजाद कराने के लिए भारतीय सेना ने 'आपरेशन कैक्टस' लाँच किया। सेना की 50वीं 'पैराशूट ब्रिगेड' व 'छह पैराशूट' यूनिट तथा '17वीं पैराशूट फील्ड रेजिमेंट' के जवान ब्रिगेडियर 'फारूक बुलसारा' की कमान में तीन नवंबर 1988 की रात को मालदीव के 'हुलहुले' एयरपोर्ट पर उतरे तथा समुद्री रास्ते से मालदीव की राजधानी 'माले' पहुंचे। भीषण गोलीबारी में 19 आतंकियों को हलाक करके भारतीय कमांडोज ने मालदीव में आतंकी तख्तापलट की मंसूबाबंदी को नाकाम करके राष्ट्रपति मौमून अब्दुल गयूम व उप रक्षामंत्री 'इल्यास इब्राहिम' सहित कई लोगों को 18 घंटों के भीतर सुरक्षित निकाल लिया था। ऑपरेशन कैक्टस की कामयाबी के पीछे भारतीय सेनाध्यक्ष जनरल वीएन शर्मा की माकूल रणनीति व ब्रिगेडियर 'फारूक बुलसारा' का उत्कृष्ट सैन्य नेतृत्व तथा सैनिकों का अदम्य साहस शामिल था। आपरेशन कैक्टस में भारतीय जांबाज कंमाडोज के साथ भारतीय नौसेना व वायुसेना ने भी अहम किरदार अदा किया था। नौसेना के आईएनएस 'गोदावरी' व बेतवा भी समंदर में सक्रिय थे। भारतीय सैनिकों के खौफ से मालदीव में तख्तापलट का मुख्य साजिशकर्ता 'अब्दुल्ला लुतूफी' एक समुद्री जहाज को अगवा करके फरार हो रहा था। उसे भारतीय नेवी ने हिरासत में लेकर मालदीव की हुकूमत के हवाले कर दिया था। भारतीय पैराशूट रेजिमेंट के जवानों ने आतंकियों पर इतना माकूल प्रहार किया था कि मालदीव में आतंकी हमला या तख्तापलट की हिमाकत दोबारा नहीं हुई।

मौजूदा दौर में भारत का एहसान भूलकर मालदीव चर्चा का मरकज बना हुआ है। हाल ही में चीन समर्थक 'मोहम्मद मुइज्जु' मालदीव के राष्ट्रपति चुने गए हैं। मालदीव में इक्तदार हासिल करते ही चीन की आस्तीन में बैठकर भारत विरोधी रुख अख्तियार करके मो. मुइज्जु भारत को आंख दिखा रहा है, लेकिन 35 वर्ष पूर्व मालदीव की हुकूमत पर जब तख्तापलट की गर्दिश के बादल मंडरा चुके थे, यदि उस वक्त भारतीय सेना ने मालदीव को बचाने का साहस न किया होता तो शायद पर्यटन के लिए मशहूर मालदीव आतंकियों की दारुल हुकूमत बन जाता। इस बात में भी कोई दो राय नहीं है कि पिछले कुछ समय से मालदीव पर मजहबी कट्टरवाद का साया पड़ चुका है। वर्ष 2022 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर माले के फुटबाल मैदान में योग कर रहे भारतीय मूल के लोगों पर भीड़ ने मजहबी आक्रोश में आकर हमला कर दिया था। सात जनवरी 2023 को मालदीव की सरकार के तीन वजीरों ने भारत के प्रधानमंत्री के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, हालांकि मालदीव जल्द ही घुटनों के बल पर आ गया और अपने उन वजीरों को निलंबित कर दिया। बर्तानिया हुकूमत की गुलामी से जुलाई 1965 में आजाद हुए मालदीव को आजाद मुल्क का दर्जा देने वाले देशों में भारत अग्रणी था। मालदीव की सेना 'मालदीवियन नेशनल डिंफेस फोर्स' की ट्रेनिंग कई वर्षों से भारतीय सेना ही करवाती है। सन् 2004 में मालदीव में विनाशकारी सुनामी के बाद वहां मदद भेजने में भी भारत ने पहल की थी। सन् 2014 में मालदीव का 'वाटर ट्रीटमेंट' आग लगने से खाक हो गया था। पेयजल के संकट से जूझ रहे मालदीव की आवाम को भारत ने आपरेशन 'नीर' चलाकर पेयजल की आपूर्ति की थी।

सन् 2010 व 2013 में भारत ने मालदीव को दो हैलिकॉप्टर तथा सन् 2020 में एक विमान भी तोहफे में दिया था। मालदीव की राजनीतिक स्थिरता को कायम रखने के लिए भारत के कुछ सैनिक वहां रहते हैं। भारत के उन 88 सैनिकों को राष्ट्रपति मुइज्जु 15 मार्च तक मालदीव छोडऩे का फरमान जारी कर चुके हैं। हमारे देश के हुक्मरानों को मालदीव की इस कारकर्दगी पर संज्ञान लेना होगा। 'इंडिया आउट' का नारा देकर मालदीव की हुकूमत पर काबिज होने वाले मो. मुइज्जु की ड्रैगन संग रफाकत मालदीव को महंगी साबित होगी, क्योंकि चीन के सबसे बड़े कर्जदारों में मालदीव भी शामिल है। बहरहाल चीन की उल्फत में डूब कर भारत के विरोध में उतरे मालदीव के एहसान फरामोश हुक्मरानों को भारतीय सेना के उन शूरवीर पैरा कमांडोज व नौसेना तथा वायुसेना का मरहून-ए-मिन्नत रहना होगा जिन्होंने सन् 1988 में मालदीव में तख्तापलट के मंसूबों को ध्वस्त करके वहां जम्हूरियत को दोबारा कायम कर दिया था। आपरेशन कैक्टस को अंजाम देकर भारतीय कमांडोज ने दुनिया को एहसास करा दिया था कि विश्व की बेहतरीन स्पेशल फोर्स भारत के पास है। यह देश के लिए गर्व की बात है।

**-प्रताप सिंह पटियाल**
**स्वतंत्र लेखक**

# राशिफल

**माघ कृष्ण- चतुर्थी** | **(विक्रम संवत् 2080)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में थोड़ा तू-तू, मैं-मैं का संकेत है। मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**
भाग्य बहुत साथ नहीं देगा इन दिनों। प्रेम, संतान मध्यम रहेगा। स्वास्थ्य भी मध्यम रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड, छ, के, हो, हा)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी है। शादी-ब्याह तय हो सकता है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
कर्क राशि वालों को क्रोध पर काबू रखना पड़ेगा। जो लोग रिसर्च आदि के स्टूडेंट हैं, उनके लिए शुभ समय है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी और व्यापार भी आपका अच्छा दिख रहा है। सूर्य को जल दें।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
मन चिंतित रहेगा। सर दर्द, नेत्र पीड़ा बनी रहेगी। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
रुका हुआ धन किसी न किसी तरीके से निकलता हुआ दिख रहा है। पुराने मार्ग से पैसे आते हुए दिख रहे हैं।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
राजनीतिक लाभ मिलेगा। व्यावसायिक सफलता मिलेगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। पिता का साथ होगा।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
प्रेम विवाह अगर आप करना चाहते हैं, तो बहुत संभव है कि ऐसा संकेत मिले आपको। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मकर- (भो, जा, जी, जू, जे, जो, खा, खी, खू, खे, गा, गी)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचकर पार करें। वाहन धीरे चलाएं। स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम-संतान में दूरी है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। प्रेम-संतान बहुत बढ़िया और व्यापार भी बहुत अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य मध्यम नरम-गरम, प्रेम-संतान मध्यम और व्यापार भी मध्यम है।

# लैपटॉप व मोबाइल चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थान से चोरों ने लैपटॉप व मोबाइल फोन चोरी कर लिया पीड़ितों ने संबंधित थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

श्री राम वाटिका महिपाल सिंह मार्ग में किराए पर रहने वाले मोहम्मद याकूब ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते 27 जनवरी को वह अपने कमरे को लॉक कर किसी काम से बाहर चला गया था। शाम के समय जब वह वापस लौटा तो उसके कमरे में रखा लैपटॉप गायब था उसने लैपटॉप की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चली। पीड़ित ने थाना सूरजपुर में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

थाना एफडीओ क्षेत्र के भंगेल में किराए पर रहने वाले रूपेश कुमार के कमरे से मोबाइल चोरी हो गया रुपेश कुमार ने बताया कि वह 18 जनवरी की शाम को अपने कमरे में सो रहा था। इस दौरान उसका दरवाजा खुला हुआ था दरवाजा खुला प्रकार किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके कमरे से मोबाइल फोन चोरी कर लिया पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश की जा रही है।

# गैस सिलेंडर बनाने वाली कंपनी में लाखों की चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में गैस सिलेंडर बनाने वाली एक कंपनी से लाखों रुपए मूल्य के सिलेंडर के वॉल चोरी हो गए। हैरानी की बात यह है कि कंपनी की सुरक्षा के लिए यहां 24 घंटे हथियारबंद सिक्योरिटी गार्ड तैनात रहते हैं इसके बावजूद भी चोरों ने आसानी से चोरी की घटना को अंजाम दे दिया।

विपुल कांत ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उनके कंपनी में गैस सिलेंडर का निर्माण किया जाता है। गैस सिलेंडर में लगने वाले पीतल के 2761 वॉल्व चोरी हो गए। चोरों ने फैक्ट्री में बीते 15 जनवरी की रात्रि को इस घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि घटना वाले दिन गार्ड रामबली तथा गनमैन अरविंद कुमार की ड्यूटी थी इसके अलावा कंपनी में करीब 35 कर्मचारी भी मौजूद थे। इसके बावजूद भी कंपनी से वॉल चोरी हो गए चोरी गए वाल की कीमत लाखों रुपए है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है उन्होंने आशंका जताई कि इस चोरी की घटना में कंपनी के ही किसी कर्मचारी का हाथ हो सकता है।

# लग्जरी कार में भरी थी हरियाणा की शराब

**नोएडा (चेतना मंच)।** आबकारी विभाग और थाना सेक्टर-63 पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है इनके पास से तीन पेटी अंग्रेजी शराब हरियाणा मार्का की बरामद हुई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त कार को भी चीज किया है।

आबकारी निरीक्षक अभिनव शाही को सूचना मिली कि कुछ लोग सियाज कार में हरियाणा से शराब लेकर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर उन्होंने थाना सेक्टर-63 पुलिस के साथ मिलकर एक सियाज कार को जांच के लिए रोककर कार की तलाशी लेने पर उसमें से दो पेटी रेड लेबल तथा एक पेटी ब्लैक लेबल शराब की बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम स्वागत मोदी, अशोक कुमार व गौरव कुमार बताए। पकड़े गए तीनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वह हरियाणा से शराब लाकर नोएडा में ऊंची दामों पर बेचते हैं। वह पिछले काफी समय से शराब के धंधे में संलिप्त हैं। पुलिस चेकिंग से बचने के लिए वह शराब तस्करी में लग्जरी वाहन का प्रयोग करते हैं। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़ी गई शराब के करीब अनुमानित कीमत 60000 रूपये के आसपास है।

# इफको कर्मचारी यूनियन ने किसा ध्वजारोहण

**प्रयागराज (चेतना मंच)** इफको फूलपुर में कर्मचारी यूनियन कार्यालय के प्रांगण में अध्यक्ष पंकज पांडे और महामंत्री विनय यादव तथा उनके सभी पदाधिकारी द्वारा 75 में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर झंडा रोहण किया गया

इस अवसर पर यूनियन अध्यक्ष पंकज पांडे ने कहा कि हमारा संविधान 1950 में लागू हुआ, यह हमें अभिव्यक्त की आजादी देता है। इसी के द्वारा हमारे संविधायी कार्यों का निर्वहन होता है। इसका श्रेय हमारे संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और उनकी टीम को जाता है। यूनियन के महामंत्री श्री विनय यादव ने कहा कि आज का दिन बहुत ही पवित्र और शुभ दिन है, उन्होंने कहा कि हम 75वां गणतंत्र दिवस तो मना ही रहे हैं साथ ही वर्ष 2024 का गणतंत्र दिवस देशवासियों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि गणतंत्र दिवस और प्रभु राम के विग्रह का अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा दोनों का एक साथ होना यह अपने आप में महत्वपूर्ण संयोग बन गया है। आज पूरी दुनिया में भारत की शाख बढ़ी है, अयोध्या पूरे विश्व पटल पर आ गया है। इससे पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ हजारों लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इस अवसर पर सुबोधना शर्मा, शालिग्राम, शिवभूषण गौतम, सुधाकर विश्वकर्मा, अंबुज शुक्ला, अशोक कुशवाहा, राज नारायण, मिराजुद्दीन, बलबीर, मनोज श्रीवास्तव, हरिशंकर भारतीय आदि झंडारोहण के समय उपस्थित रहे।

# मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर हो रहा देश : अनामिका चौधरी

**प्रयागराज (चेतना मंच)।** गणतंत्र दिवस पर प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी अनामिका चौधरी ने अपने पदाधिकारियों तथा क्षेत्रीय लोगों के साथ प्रयागराज के महाप्राण निराला की प्रतिमा के पास दारागंज चौराहे पर एवं माघ मेला जिला अपराध निरोधक समिति के कैंप में ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि 75वें गणतंत्र दिवस पर देश बहुत मजबूत हाथों में है, देश लगातार आत्मनिर्भर हो रहा है और भारत लगातार विकसित राष्ट्र बनने की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। पिछले नौ सालों में भारत में गरीबों की संख्या में कमी आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत एक मजबूत राष्ट्र बनने की तरफ अग्रसर है। अनामिका चौधरी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। मृणाली मिश्रा ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश चौधरी, धन्यवाद ज्ञापन रवि निषाद ने किया। ध्वजारोहण में सुजीत निषाद, सुयश, गोलू,परी, राकेश मिश्रा, कैलाश दत्ता, निखिल श्रीवास्तव, रामजी शर्मा अधिवक्ता, प्रभात श्रीवास्तव अधिवक्ता, मेज़र सुनील निषाद, अन्नू निषाद, मुन्नी पांडेय, दामिनी पांडेय , लल्लू शर्मा अधिवक्ता, सोनकर आदि के क्षेत्रीय लोग भी शामिल रहे।

## पृष्ठ एक के शेष....

**रील्स देखने में समय ...**

आदत होगी लेकिन क्या कभी ऐसा विचार आया कि नहीं मैं फोन चार्ज नहीं करूंगा तो इसका उपयोग कम हो जाएगा। मोबाइल को चलाने के लिए चार्ज करना पड़ता है तो बॉडी को भी करना चाहिए। जैसे मोबाइल फोन को चार्जिंग चाहिए, इसी तरह शरीर को भी चार्जिंग चाहिए. जीवन इसके बिना नहीं जी सकते हैं, इसलिए जीवन को थोड़ा संतुलित बनाना पड़ता है। अगर हम स्वस्थ ही नहीं रहेंगे तो हो सकता है कि तीन घंटे परीक्षा में ही ना बैठ पाएं. स्वस्थ शरीर स्वस्थ मन के लिए जरूरी है। इसका मतलब यह नहीं कि आपको पहलवानी करनी है। किताब लेकर सनलाइन में पढ़ें क्योंकि बॉडी को रीचार्ज करने में सनलाइट की भी जरूरत होती है।

**परीक्षा कक्ष में खुदपर भरोसा रखें : पीएम**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज परीक्षा में सबसे बड़ा चैलेंज होता है लिखना, इसलिए अपना ध्यान प्रैक्टिस में रखें. परीक्षा से पहले विषय के बारे में या जो पढ़ा है वह लिखें फिर खुद ही उसे ठीक करें। क्योंकि अगर आपको तैरना आता है तो पानी में जाने से डर नहीं लगता। जो प्रैक्टिस करता है उसे भरोसा होता कि मैं पार कर जाऊंगा। जितना ज्यादा आप लिखेंगे उतनी ज्यादा शार्पनेस आएगी। परीक्षा कक्ष में कोई अन्य छात्र कितनी स्पीड से लिख रहा है, अगल-बगल में कौन क्या कर रहा है वो सब छोड़कर खुद पर भरोसा रखें।

पीएम मोदी ने कहा, परीक्षा से पहले आराम से बैठें, हंजी-मजाक में 5-10 मिनट बिता दीजिए. खुद में खो जाइए, एग्जाम से बाहर निकल जाएंगे, फिर जब आपके हाथ में प्रश्न पत्र आएगा तो आप आराम से कर पाएंगे। हम बाकी चीजों में लटके रहते हैं, वो बिना कारण हमारी शक्ति बर्बाद करता है। हमें खुद में ही खोए रहना चाहिए. बचपन से अर्जुन और पंक्षी की आंख वाली कथा सुनते हैं, इन्हें अपने जीवन में भी लागू भी करें। घबराहट का कारण है कि परीक्षा के समय सोचना कि कहीं समय कम ना पड़ जाए, अच्छा होता मैं पहले वे प्रश्न कर लेता, ऐसे में पहले पूरा पेपर पढ़ लीजिए फिर देखिए कि आपको कैसे करना है।

कुछ माता पिता को लगता है कि आज एग्जाम है कि बच्चे को नई पेन लाकर दें, लेकिन मेरा आग्रह है कि जो पेन रोज यूज करता है, वही ले जाने दीजिए. न उसे कपड़ों पर टोकिए, जो पहन रहा है उसे पहनने दीजिए. एग्जाम पर उसे कंफर्ट फील कराइए।

छात्रों व शिक्षकों के संबंध पर प्रधानमंत्री ने कहा कि डिग्री तो सबके पास होती है, लेकिन कुछ डॉक्टर्स ज्यादा सफल इसलिए होते हैं क्योंकि वह पेशेंट को दोबारा फोन करते हैं कि आपने दवाई ले ली थी। यह बॉन्डिंग मरीज को आधा ठीक कर देती है। मान लीजिए किसी बच्चे ने अच्छा किया और टीचर ने उसके घर जाकर मिठाई मांगी तो उस परिवार को ताकत मिलेगी है। परिवार भी सोचता होगी कि टीचर ने तारीफ की है तो हमें भी थोड़ा ध्यान देनी की जरूरत है। टीचर का काम नौकरी बदलना नहीं बल्कि छात्र का जीवन बदलना है।

**यमुना एक्सप्रेसवे पर...**

से घायल हो गए उपचार के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। राजकरण हबीबपुर स्थित जगदंबा पैकेजिंग कंपनी में काम करते थे कंपनी का काम से वह धर्म कांटे पर गए थे धर्म कांटे से लौट के दौरान वह क्रेन की चपेट में आ गए थे।

वहीं थाना कासना क्षेत्र के भाटी गोल चक्कर के पास अज्ञात बस चालक ने बाइक में टक्कर मार दी टक्कर लगने से बाइक सवार समीर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया उपचार के दौरान समीर ने दम तोड़ दिया। पुलिस में मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**नौकरी छूटने...**

वहीं थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के छिजारसी कॉलोनी में किराए पर रहने वाले अंकित ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि मूल रूप से अमरोहा निवासी अंकित अपने रिश्तेदारों के साथ छिजारसी में किराए पर रह रहा था। वह एयरटेल मोबाइल कंपनी में काम करता था मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है जिस कारण आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

**केन्द्रीय वित्त मंत्रालय...**

में सरकार द्वारा कुछ बिंदुओं पर सहायता की आवश्यक्ता पड़ेगी। जिससे कि हम अपने प्रोडक्ट की लागत को कम से कम रख सकें और प्रोडक्शन की क्वालिटी को बढ़ा सकें।

श्री शर्मा ने वित्त मंत्रालय को सुझाव दिया कि निर्यातकों को मिलने वाले निर्यात प्रोत्साहन की दर पर पुनर्विचार करके कम से कम से 5 फ़ीसदी किया जाए। वहीं कच्चे माल की लागत में लगातार हो रही वृद्धि को कम से कम करने पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प के निर्यातकों को राहत देने के लिए कंटेनर माल ढुलाई की सब्सिडी पर विचार किया जाए।

पत्रकार वार्ता के दौरान निर्यातकों ने सुझाव दिया कि एमएसएमई की समानीकरण योजना के तहत ब्याज दर को पांच फ़ीसदी की दर पर बहाल किया जाए। वहीं महिला उद्यमियों के लिए विशेष एवं उदार नीति बनाई जाए। इस मौके पर एसोसिएशन के महामंत्री भरत बढेरा व सचिव आंचल वोहरा समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

**बाइक पर फर्जी...**

डालकर चेक किया तो पता चला कि दोनों बाइक दिल्ली के थाना गोविंदपुरी क्षेत्र से चोरी की गई थी पकड़े गए आरोपियों ने स्वीकार किया कि दोनों भाई के चोरी की है और उन्होंने चोरी की दो अन्य बाइकों को सेक्टर ओमिक्रोन 1 ए की ग्रीन बेल्ट में छुपा कर रखा हुआ है। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी की दो अन्य बाइकों को भी बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने वाहन चोरी की कई अन्य घटनाओं को भी स्वीकार किया है।

**एनएमआरसी को घाटे ...**

विज्ञापन, होर्डिंग्स आदि कई कदम उठाये गए हैं। अभी भी प्राधिकरण हर वर्ष एनएमआरसी को 110 करोड़ रूपये देता है। इससे एनएमआरसी को मुक्ति दिलाना है। इस दिशा में राजस्व वृद्धि के कई उपाय किये जा रहे हैं। इसमें लगातार सफ्लता भी मिल रही है।

डा. लोकश एम ने बताया कि सेक्टर-51-52 मेट्रो स्टेशनों को जोड़ने के लिए बन रहा स्काईवॉक का कार्य हर हालत में अप्रैल तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा एनएमआरसी तथा डीएमआरसी ट्रेनों के लिए यूनीफार्म कार्ड पर भी कार्य चल रहा है। इसका समाधान जल्द ही होने की उम्मीद है।

**सोसायटी में बाउंसरों की...**

तीनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया है। अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

बताया जाता है कि आम्रपाली लेजर सोसायटी में अस्थायी रूप से अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन बनाई गई है। जिसका यहां के सोसायटी वासी विरोध करते हैं।

**घर में घुसकर देवर...**

पीड़िता का आरोप है कि उसने इस घटना की जानकारी तुरंत थाना सेक्टर-49 पुलिस को दी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। थककर उसने न्यायालय में याचिका दायर कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की गुहार लगाई।

थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर पांचों आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डा. उदयशंकर के दीर्घायु के लिए किया यज्ञ

**प्रयागराज (चेतना मंच)।** डॉ. उदय शंकर अवस्थी पूरी दुनिया के तकनीकी जगत में एक जाना पहचाना नाम है। गणतंत्र दिवस पर डॉ. अवस्थी फूलपुर पधारे और झंडारोहण कर हम सभी को गौरवान्वित किया। यह बात गणतंत्र दिवस के मौके पर ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी एवं महामंत्री स्वयं प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रांगण में सभी पदाधिकारी के साथ झंडारोहण के समय कही। इस मौके पर डॉ. अवस्थी के स्वस्थ व दीर्घ जीवन के लिए आयुष्मान यज्ञ का आयोजन भी किया।

इस अनुष्ठान में सभी पदाधिकारीयो ने मिलकर हवन पूजन किया और करीब सवा सौ किलो लड्डू का प्रसाद चढ़ा कर सभी को वितरण किया।

## कार्यालय उपजिलाधिकारी, दादरी गौतमबुद्धनगर।

पत्रांकः 531/जि0पू0अ0-दु0अनु0-वि0नि0पत्रा0/2023-24, दिनांकः 24 जनवरी, 2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

तहसील व ब्लाक दादरी के ग्राम कैमराला में रिक्त चल रही उचित दर दुकान के सापेक्ष विकेता की नियुक्ति लॉटरी प्रकिया के माध्यम से की जायेगी, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क0 सं0 | तहसील/ब्लाक का नाम | रिक्त उचित दर दुकान | निर्धारित आरक्षण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | दादरी | ग्राम कैमराला | अन्य पिछडा वर्ग महिला |

उपरोक्त रिक्त उचित दर दुकान पर उचित दर विकेता की नियुक्ति हेतु शासनादेशानुसार निम्न अर्हताएं अनिवार्य है-

1. आवेदिका के खाते में कम से कम रुपए 40000/- उपलब्ध हो, के सम्बन्ध में बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करें।
2. आवेदिका को अपने प्रार्थना-पत्र के साथ जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
3. आवेदिका की शैक्षिक योग्यता कम से कम हाई स्कूल अथवा उसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हों, के सम्बन्ध में अंक तालिका की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।
4. आवेदिका को कॉलम-4 में उल्लिखित आरक्षण के सम्बन्ध में जाति प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
5. आवेदिका की आयु 21 वर्ष से अधिक हों।
6. आवेदिका को अपने प्रार्थना पत्र के साथ रुपए 1000/- के अर्नेस्ट मनी का बैंक ड्राफ्ट मूलरूप संलग्न करना होगा, जो जिला पूर्ति अधिकारी, गौतमबुद्धनगर के पक्ष में निर्गत हो।
6. आवेदिका स्थानीय निवासी हों, के सम्बन्ध में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी द्वारा निर्गत सामान्य निवास प्रमाण-पत्र की छायाप्रति संलग्न की जायेगी।
7. आवेदिका के परिवार में किसी अन्य सदस्य के नाम कोई उचित दर दुकान आवंटित न हों।
8. आवेदिका के विरूद्ध कोई भी आपराधिक मामलें पंजीकृत न हो और न ही वह किसी आपराधिक मामले में दण्डित की गयी हो।
9. आवेदिका अथवा उसके परिवार के किसी सदस्य के नाम से पूर्व में आवंटित उचित दर दुकान अनियमितता के कारण निरस्त न हुई हो और उसके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत न हो।
10. आवेदिका अथवा उसके परिवार का सदस्य, ग्राम प्रधान निर्वाचित न हों।

नोट- आवेदक द्वारा उपरोक्त बिन्दु संख्या-7, 8, 9 एवं 10 के सम्बन्ध में फोटोयुक्त शपथ-पत्र नोटरी पब्लिक द्वारा सत्यापित मूलरूप में संलग्न किया जायेगा।

उचित दर दुकानों पर विक्रेता नियुक्ति हेतु इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी दिनांक 08.01.2024 की सांय 05.00 बजे तक पंजीकृत डाक से माध्यम से पता-कार्यालय क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, दादरी कक्ष सं० 22 प्रथम तल तहसील परिसर, दादरी में उपलब्ध करा सकते है। इच्छुक आवेदकों द्वारा आवेदन पत्र कार्यालय से आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुए दिनांक 06.02.2024 की सांय 05:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।

**उपजिलाधिकारी**
**दादरी।**

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर)

पत्रांकः 2042/निर्माण/न0पा0परि0दा0/2023-24 दिनांकः 23.01.2024

**-: ई-निविदा सूचना :-**

नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) के पत्र सं0- 1837/निर्माण/न0पा0परि0दा0/2023-24, दिनांक 23.12.2023 के द्वारा जिलाधिकारी महोदय, गौतमबुद्धनगर के पत्रांक- 904/एल0बी0सी0, दिनांक 07.10.2023 की स्वीकृति के क्रम में नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) द्वारा विभिन्न वार्डो में 15वाँ वित्त आयोग की टाईड ग्रान्ट के अन्तर्गत 04 निर्माण/विकास कार्यों की ई-निविदाएँ दिनांक 11.01.2024 को सायं 04:00 बजे तक आमंत्रित की गयी थी, जो दिनांक 11.01.2024 को सायं 05:00 बजे से खोली जानी नियत थी। उक्त निविदा सूचना को प्रचार-प्रसार हेतु दैनिक समाचार पत्रों हिन्दुस्तान के अंक दिनांक 25.12.2023 के पेज सं0-06 तथा चेतना मंच के अंक दिनांक 25.12.2023 के पेज सं0-03 पर प्रकाशित कराया गया। किन्तु अपरिहार्य कारणों से पालिका के पत्रांक- 1930/न0पा0परि0दा0/2023-24, दिनांक 04.01.2024 के द्वारा उक्त ई-निविदाओं की समयसारणी में संशोधन कर पुनः ई-निविदाएँ दिनांक 25.01.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक पुनः आमंत्रित की गयी, जो दिनांक 25.01.2024 को सायं 05:00 बजे से खोली जानी नियत थी। उक्त ई-निविदा संशोधन सूचना को प्रचार-प्रसार हेतु दैनिक समाचार पत्रों हिन्दुस्तान के अंक दिनांक 09.01.2024 के पेज सं0-02 तथा चेतना मंच के अंक दिनांक 08.01.2024 के पेज सं0-03 पर प्रकाशित कराया गया था। किन्तु उक्त कार्यों कि निविदाओं को नियम-शर्तों में त्रुटि होने के कारण अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया था।

उक्त 04 निर्माण/विकास कार्यों की पुनः ई-निविदाएँ उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in के माध्यम से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में ई0/डी0 श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत आधार दरों पर दिनांक 01.02.2024 को समय सांय 05:00 बजे तक ऑमत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए ई-निविदा दे सकता है। ई-निविदाओं का विस्तृत विवरण-निविदा प्रपत्र, निविदा शुल्क एवं नियम-शर्ते आदि उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। यदि ई-निविदा खोलने की तिथि को सक्षम अधिकारी की अनुपलब्ता होने के कारण या सार्वजनिक अवकाश घोषित होने पर ई-निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेंगी।

| निविदा की समय सारणी (www.etender.up.nic.in पर) | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि / समय | दिनांक 24.01.2024 को अपरान्ह 02.00 बजे से |
| 2. | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | दिनांक 24.01.2024 को अपरान्ह 02.00 बजे से |
| 3. | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि / समय | दिनांक 01.02.2024 को सायं 05.00 बजे तक |
| 4. | ई-निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि / समय | दिनांक 02.02.2024 को दोपहर 02.00 बजे से |

नोटः- ई-निविदा संशोधन की सूचना/जानकारी हेतु ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in बेबसाईट को लगातार देखते रहें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,**
**दादरी (गौतमबुद्धनगर)**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद,**
**दादरी (गौतमबुद्धनगर)**

# बीटिंग रिट्रीट के दौरान बजाए जाएंगे भारतीय धुन, शुरुआत सामूहिक बैंड की शंखनाद के साथ

नई दिल्ली, एजेंसी। गणतंत्र दिवस समारोह के औपचारिक समापन के मौके पर रायसीना हिल्स पर सोमवार को आयोजित होने जा रहे बीटिंग रिट्रीट में सेना और अद्धसैनिक बलों के बैंड पूर्ण रूप से भारतीय धुन बजाएंगे। यह समारोह राष्ट्रीय राजधानी में विजय चौक पर होगा और इसी के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का भी औपचारिक समापन हो जाएगा।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान के अनुसार, भारतीय थलसेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायुसेना और सीएपीएफ के संगीत बैंड विशिष्ट दर्शकों के सामने 31 मनमोहक और झूमने को मजबूर करने वाली भारतीय

धुन बजाएंगे। दर्शकों में राष्ट्रपति और सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कई अन्य केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और आम जनता शामिल होगी।

समारोह की शुरुआत सामूहिक बैंड की शंखनाद धुन के साथ होगी, जिसके बाद पाइप और ड्रम बैंड द्वारा वीर भारत, संगम दूर, देशों का सरताज भारत, भागीरथी और अर्जुन जैसी मनमोहक धुन बजाई जाएगी। सीएपीएफ के बैंड भारत के जवान और विजय भारत बजाएंगे।

बयान के अनुसार, भारतीय वायुसेना के बैंड टाइगर हिल, रेजाइस इन रायसीना और स्वदेशी के धुन बजाएंगे जबकि भारतीय नौसेना के बैंड के आइएनएस विक्रांत मिशन चंद्रयान, जय भारती और हम तैयार हैं सहित कई धुनों का श्रोता आनंद लेंगे।

इसके बाद, भारतीय थलसेना का बैंड फौलाद का जिगर, अग्निवीर, कारगिल 1999 और ताकत वतन का सहित कई धुन बजाएगा। इसके बाद सामूहिक बैंड कदम कदम बढ़ाए जा, ऐ मेरे वतन के लोगों और ड्रमर्स कॉल की धुन बजाएंगे। कार्यक्रम का समापन लोकप्रिय धुन सारे जहां से अच्छा से होगा। समारोह के मुख्य संचालक लेफ्टिनेंट कर्नल विमल जोशी होंगे।

## संक्षिप्त खबर

### छह दिन बाद नहर में मिली एसीपी के बेटे की लाश, दबोचा गया मुख्य आरोपी

नई दिल्ली, एजेंसी। राजधानी दिल्ली के स्पेशल स्टाफ में तैनात एसीपी यशपाल सिंह के बेटे की उसके दो दोस्तों ने मिलकर हत्या कर दी थी। 23 जनवरी को आरोपियों ने उसे हरियाणा के मुनक नहर में धक्का दे दिया था। मर्डर के छह दिनों के बाद गोताखोरों ने मृतक लक्ष्य चौहान (22) की लाश बरामद की है। लक्ष्य की डेड बॉडी हरियाणा के समालखा के पास एक नहर से बरामद की गई है। रविवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी विकास को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दरअसल, 23 जनवरी को लक्ष्य के दो दोस्त- अभिषेक और विकास ने उसे नहर में धकेल दिया था। बीते दिनों पुलिस ने अभिषेक को नरेला से गिरफ्तार कर लिया था लेकिन विकास फरार चल रहा था। रविवार को पुलिस ने विकास को भी अरेस्ट कर लिया। इस मर्डर केस में पुलिस ने धारा 302 (हत्या) और 201 (सबूत नष्ट करना) के तहत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने एक कार भी बरामद की है। मामले की जांच की जा रही है। दरअसल, 22 जनवरी (सोमवार) को लक्ष्य अपने दो दोस्तों के साथ कार से भिवानी में एक शादी समारोह में गया था। शादी से तीनों दोस्त देर रात 12 बजे निकले। वापसी के समय प्लानिंग के तहत विकास और अभिषेक ने पानीपत में कार रोक दी। इसके बाद तीनों पेशाब करने के लिए नहर के किनारे गए। वहां विकास और अभिषेक ने लक्ष्य को नहर में धक्का दे दिया। दोस्त की हत्या करने के बाद वो उसकी कार लेकर वहां से फरार हो गए।

### तमिलनाडु के तेनकासी में कार और ट्रक की टक्कर, छह लोगों की मौत

चेन्नई (तमिलनाडु), एजेंसी। तमिलनाडु के तेनकासी में रविवार तड़के एक कार और सीमेंट से भरे ट्रक की आमने-सामने से टक्कर हो गई। दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान तेनकासी जिले के पुलियानगुडी निवासी कार्तिक, वेल मनोज, सुब्रमणि, मनोकरन, मुथुसेल्वन और बोथिराज के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सभी स्नान करने के लिए कुट्रालम गए थे और स्नान के बाद अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सिंगिलिपट्टी और पुन्नैयापुरम इलाकों के बीच उनकी कार की सीमेंट से भरे एक ट्रक से टक्कर हो गई। दुर्घटना में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक टीपी सुरेशकुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और उन्होंने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

### दिल्ली के कालकाजी मंदिर में माता के जागरण का मंच गिरा, महिला की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के प्रमुख देवस्थान कालकाजी मंदिर में रात को माता के जागरण का मंच गिर जाने से एक महिला की मृत्यु हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। पुलिस और दमकल विभाग ने इस हादसे की पुष्टि की है। इस हादसे में हताहत महिला श्रद्धालु की आयु 45 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने जागरण के आयोजकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## मराठा आरक्षण पर सीएम शिंदे के फैसले से संतुष्ट नहीं हूं : छगन भुजबल

मुंबई, एजेंसी। अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में 'पिछले दरवाजे से मराठों के प्रवेश पर सवाल उठाते हुए महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल ने रविवार को कहा कि वह आरक्षण मुद्दे पर राज्य सरकार के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। भुजबल ने यह दावा भी किया कि मराठों के कुनबी रिकॉर्ड का पता लगाने के लिए बनायी गयी समिति के प्रमुख न्यायमूर्ति (सेवानिवृत) संदीप शिंदे देश के प्रधान न्यायाधीश से करीब दोगुना वेतन पा रहे हैं, जो गैर जरूरी खर्च है। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा उनकी मांगें मान लिये जाने के बाद शनिवार को अपना अनिश्चितकालीन उपवास खत्म कर दिया था।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने घोषणा की थी कि जबतक मराठों को आरक्षण नहीं मिल जाता, तबतक उन्हें ओबीसी को प्राप्त सभी लाभ मिलते रहेंगे। जरांगे के साथ बातचीत के बाद सरकार द्वारा एक मसौदा अधिसूचना जारी की गयी थी, जिसमें कहा गया था कि यदि किसी मराठा व्यक्ति के रिश्तेदार के पास यह दर्शाने के लिए रिकॉर्ड है कि वह कृषक 'कुनबी समुदाय से आता है तो उसे भी कुनबी के रूप में मान्यता दी जाएगी। कृषक समुदाय 'कुनबी ओबीसी के अंतर्गत आता है और जरांगे भी सभी मराठों के लिए कुनबी प्रमाणपत्र मांग रहे थे। जरांगे मराठों के वास्ते आरक्षण की मांग को लेकर अगस्त से आंदोलन कर रहे थे। भुजबल ने आरक्षण मुद्दे पर सरकार के इस कदम की आलोचना की और ओबीसी श्रेणी में 'पिछले दरवाजे से मराठों के प्रवेश पर सवाल खड़ा किया।

रविवार को नासिक में संवाददाताओं से बातचीत में भुजबल ने कहा, ''ओबीसी के बीच यह सोच बन रही है कि वे अपना आरक्षण गंवा बैठे हैं, क्योंकि मराठे (उसके) लाभ ले लेंगे। मंत्री ने कहा कि वह मराठों को अलग से आरक्षण देने का समर्थन करते हैं, लेकिन वह उनके साथ मौजूदा ओबीसी आरक्षण साझा करने के पक्ष में कतई नहीं हैं।

## कांग्रेस ने देश का विकास किया, भाजपा बांटने का काम कर रही : मल्लिकार्जुन खड़गे

देहरादून, एजेंसी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यहां रविवार को विराट कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि देश का विकास सिर्फ कांग्रेस ने किया, भाजपा देश को बांटने का काम कर रही। भाजपा नीत सरकार विपक्ष के नेताओं का उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मोदी सरकार को सत्ता से हटाने के लिए बूथ स्तर पर काम करने पर जोर दिया।

रविवार दोपहर रेसकोर्स स्थित बन्नू स्कूल के मैदान में विराट कार्यकर्ता सम्मेलन को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव का आगाज किया। उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टर उतरने तक की परमिशन भाजपा सरकार में नहीं मिल रही है। हेलीकॉप्टर में उड़ने और चढ़ने के लिए नरेन्द्र मोदी से परमिशन लेना पड़ता है। ये सरकार राहुल गांधी और हमको परेशान कर रही है। ऐसी सरकार को निकालना है और निकालने वाले आप ही लोग हैं। उत्तराखंड के लोग हिम्मती हैं। आप अपनी जान देकर देश को बचाते हैं, लेकिन इन सबका क्रेडिट मोदी खुद लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को हमेशा झूठ बोलते की आदत है। सुबह उठते ही भगवान और घर के लोगों को नहीं बल्कि टीवी पर मोदी का चेहरा दिखता है।

उन्होंने तंज किया कि प्रधानमंत्री मोदी विष्णु के 11वें अवतार बनने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा की तानाशाही से कांग्रेस डरने वाली नहीं है। भाजपा बताए कि देश की आजादी में उसका क्या योगदान है। भाजपा कांग्रेस को देशभक्ति ना सिखाये। कांग्रेस ने संस्थान बनाएं, भाजपा ने बेचने का काम कर रही है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि भाजपा देश की कुर्बानी देने वालों को गाली देते हैं। कांग्रेस ने देश और लोकतंत्र को बचाया। तब वे आज प्रधानमंत्री बने हैं। सब संविधान और कांग्रेस के वजह से मिला है। धर्म आस्था अलग होती है। हर जगह अपनी बात में कांग्रेस को गाली देते हैं। उनको सपने में नेहरू, इंदिरा राजीव, सोनिया आते हैं। आजकल तो राहुल गांधी भी सपने में प्रधानमंत्री को नहीं सोने देते हैं। असम में भाजपा सरकार होने के चलते यात्रा के दौरान पत्थरबाजी की गई। हम डरने वाले में नहीं है। देश के लिए जान देने वाले लोग हैं। देश को एक रखने के लिए इंदिरा और राजीव ने जान दी। देश के लिए हमारे नेता आजादी में जान देने के साथ जेल गए।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने देश को मजबूत किया। नेहरू दूरदृष्टि वाले थे और वे बड़े-बड़े कारखाने और डैम बनवाये। एनआईटी, एम्स, भेल, ओएनजीसी, सब कांग्रेस की देन है। धर्म के नाम पर वोट लेना गद्दारी है। कांग्रेस को भाजपा और मोदी से हमें सीखना नहीं है। पंडित नेहरू और बाबा साहब ने संविधान लिखने के लिए काम किया है। संविधान के साथ वोटिंग का अधिकार कांग्रेस ने दिया। अब वो इसे वापस लेने का काम कर रहे हैं।

## अयोध्या में राम आए, बिहार में पलटूराम, पाला बदलने पर नीतीश पर जमकर बरसे संजय राउत

मुंबई, एजेंसी। जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) के अध्यक्ष

नीतीश कुमार ने रविवार को एक बार फिर से पाला बदल लिया है। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और कहा कि उन्हें इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) और महागठबंधन में ''स्थिति ठीक नहीं लग रही थी। ऐसे में उन्होंने भाजपा के साथ नया गठबंधन और नई सरकार बनाने का फैसला लिया है। नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद उनके पूर्व सहयोगी तिलमिलाए हुए हैं और हमलावर हैं। इसी बीच शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि अयोध्या में राम आए, बिहार में पलटूराम।

संजय राउत ने कहा, नीतीश कुमार के हमसे दूर जाने से बिहार की राजनीति पर कोई फर्क पड़ेगा, मुझे ऐसा नहीं लगता। कांग्रेस, तेजस्वी यादव और अन्य छोटे दलों का साथ है। आम आदमी पार्टी की बात करें तो दिल्ली में कांग्रेस उसके बीच सहमति बन चुकी है। जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। राउत ने कहा, इंडिया ब्लॉक की स्थिति उत्तम है। ममता बनर्जी अभी बाहर नहीं हुई हैं। नीतीश कुमार का यह खेल चलता रहता है। उनका मानसिक स्वास्थ ठीक नहीं है।

### देर आए दुरस्त आए, नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी पर रामदास अठावले ने दी प्रतिक्रिया

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने रविवार को जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार के भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे देर आए दुरुस्त आए बताया। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री ने कहा कि कुमार ने एनडीए का हिस्सा बनने का सही समय पर सही फैसला लिया है। दरअसल, नीतीश कुमार ने यह कहते हुए बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया कि महागठबंधन और विपक्षी गुट इंडिया में उनके लिए चीजें अच्छी तरह से काम नहीं कर रही थीं।

**प्रधानमंत्री मोदी ने की मन की बात**

## प्रभु श्रीराम का शासन संविधान निर्माताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम में संविधान की प्रथम प्रति के तीसरे अध्याय में भगवान श्रीराम का चित्र होने जिक्र करते हुए कहा कि उनका शासन हमारे संविधान निर्माताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहा है।

मन की बात के वर्ष के प्रथम एपीसोड में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने दो दिन पहले 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। इस साल सुप्रीम कोर्ट भी अपने 75 वर्ष पूरे करने वाला है। हमारे लोकतंत्र के यह पर्व भारत को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का शासन हमारे संविधान निर्माताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहा है। 22 जनवरी को देशवासियों ने रामज्योति जलाई और दिवाली मनाई। लोगों ने इस दौरान स्वच्छता अभियान में भी हिस्सा लिया। सामूहिकता की यह भावना रुकनी नहीं चाहिए। यही भावना हमारे देश को सफलता की नई ऊंचाईयों पर ले जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में पद्म और अर्जुन पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि इन विजेताओं की जीवन यात्रा हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है।

मन की बात के 109वें एपीसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने 75वें गणतंत्र दिवस समारोह और उसमें नारी शक्ति के प्रदर्शन का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने अर्जुन पुरस्कार पाने वाली बेटियों की उपलब्धियों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 13 महिला एथलीट को इस बार पुरस्कृत किया गया है। बदलते भारत में देश की बेटियां हर क्षेत्र में कमाल कर रही हैं।

प्रधानमंत्री ने हर बार की तरह जनता के साथ कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि आयुष मंत्रालय ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर आयुर्वेद, यूनानी और सिद्ध चिकित्सा से जुड़े डेटा और शब्दावली का वर्गीकरण किया है। इससे किसी अन्य डॉक्टर के पास जाने पर व्यक्ति के रोग और इलाज संबंधित सारी जानकारी पर्ची के माध्यम से पता चल जाएगी।

उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा को पुनर्जीवित करने वाली अरुणाचल प्रदेश की यानुंग और आयुष से लोगों का इलाज करने वाले छत्तीसगढ़ के हेमचंद मांझी के बारे में बताया। दोनों को ही इस बार पद्म सम्मान दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले दशकों में पद्म पुरस्कार का तंत्र पूरी तरह बदल गया है। लोगों को खुद को नामांकित करने का अवसर मिल रहा है। इससे नामांकन में 28 गुना की वृद्धि हुई है। साथ ही समाज में जमीनी स्तर पर बड़े बदलाव लाने वालों को सम्मान मिला है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में रेडियो लोगों की जिंदगी में बदलाव ला रहा है। हमर हाथी हमर गोठ नाम का कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ में शाम को प्रसारित किया जाता है। इसमें लोगों को हाथी के झुंडों की आवाजाही की जानकारी मिलती है। इससे जान-माल का नुकसान बचता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मतदान की उम्र तक पहुंचने वाले युवाओं से खुद को मतदाता सूची में रजिस्टर्ड कराने का आग्रह किया।

## 'असली सहयोगी नीतीश', शपथ के बाद गद्गद् दिखे नड्डा, सभी 40 सीटों पर जीत का दावा

पटना, एजेंसी। बिहार में एनडीए की सरकार बन गई है। नीतीश कुमार ने फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा उपमुख्यमंत्री बनाए गए हैं। शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भरोसा जताते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार से बिहार के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब बिहार विकास की ओर अग्रसर होगा। शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के बाद पटना पार्टी ऑफिस में नड्डा ने कहा कि बिहार में जनता ने एनडीए को जनादेश दिया था और अब डबल इंजन की सरकार राज्य का विकास करेगी। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि नीतीश

कुमार फिर से एनडीए में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि जब भी बिहार में एनडीए की सरकार बनी है स्थिरता आई है और डबल इंजन का बेहतर प्रभाव रहेगा। दावा करते हुए कहा कि एनडीए लोकसभा चुनाव में स्वीप करेगी। विधानसभा चुनाव में भी एनडीए की सरकार बनेगी। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि ये पूरी तरह से फेल हो चुका है। ये गठबंधन परिवार और संपत्ति बचाने के लिए है।

नड्डा ने दावा किया कि हमें विश्वास है कि राजग लोकसभा चुनाव में भारी जीत दर्ज करेगा, ये गठबंधन बिहार में सभी 40 सीट जीतेगा। हम विधानसभा चुनाव के बाद भी राज्य में अगली सरकार भी बनाएंगे।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याया यात्रा को अन्याय यात्रा बताते हुए नड्डा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन का पलीता लगा दिया। ये गठबंधन जमीन पर उतरने से पहले ही बिखर गया है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि बिहार में नीतीश के नेतृत्व में स्थिरता आएगी, विकास को गति मिलेगी। जेपी नड्डा ने कहा कि बिहार के लोगों ने पिछले विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के साथ हमारे असली गठबंधन को जनादेश दिया था।

## न्यायपालिका को विधायी या कार्यकारी दबाव से मुक्त होना चाहिए : सीजेआई

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट के 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर सुप्रीम कोर्ट में आज एक स्पेशल सेरेमोनियल बेंच बैठी। इस बेंच में सुप्रीम कोर्ट के सारे जज शामिल हुए। इस मौके पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता सबसे अहम है। न्यायपालिका को किसी भी तरह के विधायी या कार्यकारी दबाव से मुक्त होना चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को खुद को वाजिब संस्थान के रूप में स्थापित कर लोगों का विश्वास जीतना चाहिए। जजों को किसी भी तरह के सामाजिक, राजनैतिक दबाव या फिर खुद के पूर्वाग्रहों से मुक्त होना चाहिए।

## ना श्रद्धालु कम हो रहे, ना पैसों की बारिश थम रही... रामलला की आस्था का गजब क्रेज

अयोध्या, एजेंसी। भव्य राम मंदिर में बालक राम के दर्शन के लिए देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम से अब तक करीब 15 लाख श्रद्धालुओं ने बालक राम के दर्शन कर लिए है। यह आंकड़े लगातार बढ़ रहे हैं। कमिश्नर गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार और डीएम नितीश कुमार ने शनिवार को राम मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान रामलला पर रेकॉर्ड चढ़ावा भी चढ़ रहा है।

कमिश्नर ने बताया कि रोजाना करीब 2 से ढाई लाख लोग राम मंदिर में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पहले जहां एक साथ भीड़ मंदिर में प्रवेश कर रही थी अब उसमें भी परिवर्तन हो रहा है। अब लोग ग्रुप में दर्शन करने पहुंच रहे हैं। आगे भी यही क्रम जारी रहने की उम्मीद है। बालकराम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं

की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट ने बालकराम की आरती और दर्शन का समय बढ़ा दिया है।

रामभक्त रामलला के दरबार में दिल खोलकर दान कर रहे हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से ही राम मंदिर में दान लिया जा रहा है। आंकड़ों के हिसाब से समझते हैं कि अब तक कितना दान मिला है। रामलला दर्शन के प्रथम दिन 2 करोड़ 90 लाख, 24 जनवरी को 2 करोड़ 43 लाख, 25 जनवरी को 8 लाख 50 हजार वहीं गणतंत्र दिन 26 जनवरी के दिन एक करोड़ 15 लाख दान में मिले हैं।

**मंदिर में आरती का समय-**

- बालकराम की मंगला आरती सुबह 4.30 बजे।
- शृंगार आरती (उत्थान आरती) सुबह 6.30 बजे।
- भक्तों को दर्शन सुबह 7.00 बजे से।
- भोग आरती दोपहर 12.00 बजे।
- संध्या आरती शाम 7.30 सात बजे।
- रात्रि भोग 9.00 बजे।
- शयन आरती रात 10.00 बजे होगी।

## वन नेशन वन लेजिस्लेटिव प्लेटफॉर्म के सपने को साकार किया जाएगा: ओम बिरला

मुंबई, एजेंसी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि आम नागरिकों को विधायिकाओं के साथ प्रभावी रूप से जोड़ने के उद्देश्य से 'वन नेशन वन लेजिस्लेटिव प्लेटफॉर्म' के सपने को साकार किया जाएगा।

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने रविवार को 84वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को वीडियो के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र जनता के विश्वास और भरोसे पर चलता है, इसलिए यह लोकतांत्रिक संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि वे अपनी कार्यशैली में आवश्यक बदलाव लाएं। यदि आवश्यक हो तो नियमों में संशोधन भी करें, ताकि इन संस्थाओं में जनता का विश्वास बढ़े। विधायी निकायों की सर्वोत्तम प्रथाओं का उल्लेख करते हुए ओम बिरला ने केंद्र, राज्य और जमीनी स्तर की लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच संवाद स्थापित करने के सुझाव की सराहना की। विधानमंडलों को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देते हुए ओम बिरला ने कहा कि लोक सभा को एक मॉडल आईटी नीति बनाने और उन्हें राज्य विधायी निकायों के साथ साझा करने के लिए कुछ राज्य विधानमंडलों से सुझाव मिले हैं। इन सुझावों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और उचित कार्रवाई की जाएगी।

# इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में भारतीय टीम को 28 रनों से हराया

**– प्लेयर ऑफ द मैच : ओली पोप**

**हैदराबाद (एजेंसी)।** ओली पोप की शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड ने पहले ही क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम को 28 रनों से हरा दिया। इस प्रकार पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड ने 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। मैच में ओली पोप की 196 रन की पारी ने मेहमान टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस मैच में इंग्लैंड ने भारतीय टीम को जीत के लिए 231 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में 202 रनों पर ही आउट हो गयी। भारतीय टीम की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 15 रन पर आउट हुए जबकि शुभमन गिल अपना खाता भी नहीं खोल पाये। कप्तान रोहित शर्मा ने 39 रन बनाये। केएल राहुल 22 रन बनाकर जबकि अक्षर पटेल 17 रन बनाकर आउट हुए। आर अश्विन और केएस भरत के आउट होते ही भारतीय टीम हार गयी। इंग्लैंड की ओर से टॉम हार्टले ने शुरुआती तीनों विकेट लेकर भारतीय टीम की बल्लेबाजी को दबाव में ला दिया जिससे वह अंत तक नहीं उबर पायी।

इससे पहले आज सुबह ओली पोप के शानदार शतक से इंग्लैंड ने यहां पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम को जीत के लिए चौथे दिन 231 रनों का कठिन लक्ष्य दिया है। पहली पारी में पीछे होने के बाद मेहमान टीम इंग्लैंड दूसरी पारी में ओली के शतक से संभल गयी और उसने 420 रन बनाये। ओली ने 196 रन बनाये।

इंग्लैंड की टीम ने इस मैच में जबरदस्त वापसी दिखायी। इस मैच में मेहमान टीम ने पहली पारी में बेन स्कोक्स के अर्धशतक के बाद भी केवल 246 रन बनाये थे। वहीं भारतीय टीम ने यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के अर्धशतकों से 436 रन बनाये। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम को 190 रनों की अच्छी खासी बढ़त मिल गयी थी।

वहीं दूसरी पारी में इंग्लैंड की आधी टीम बेहद कम रनों पर ही पेवेलियन लौट गयी। इसके बाद ओली ने साहसिक पारी खेलकर सभी को हैरान कर दिया। ओली ने 21 चौके लगाकर 196 रन बनाये। 21 चौके से सजी इस पारी की बदौलत इंग्लैंड दूसरी पारी में 420 रन तक पहुंच गयी। भारतीय टीम के पास पहली पारी के आधार पर 190 रनों की बढ़त थी ऐसे में उसे जीत के लिए 231 रन बनाने हैं।

भारत की ओर से दूसरी पारी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए केवल 41 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं पहली पारी में तीन विकेट लेने वाले आर अश्विन ने दूसरी पारी में भी तीन विकेट लिए। वहीं दूसरी पारी में रवींद्र जडेजा ने दो विकेट लिए। पहली पारी में जडेजा ने तीन विकेट लिए थे।

## रिदम और उज्जवल ने जीता 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में गोल्ड

**काहिरा (एजेंसी)।** भारत के रिदम सांगवान और उज्ज्वल मलिक ने आईएसएसएफ विश्व कप 2024 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय निशानेबाजी टीम ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में अर्मेनियाई जोड़ी एल्मिरा करापेटियन और बेनिक खलघटयान को 17-7 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

वहीं कजाकिस्तान की इरिना यूनुसमेतोवा और वेलेरी राखिमजान ने इटली की चियारा जियानकामिली-फेडेरिको निलो मालदिनी की जोड़ी को 16-8 से हराकर कांस्य पदक जीता। क्वालीफिकेशन राउंड में भारतीय जोड़ी ने 580 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि करापेटियन-खलघटयान 581 अंकों के साथ 24 निशानेबाज़ों के बीच में शीर्ष पर रहे।

मनु भाकर और रविंदर सिंह ने आठवें स्थान के लिए 575 का स्कोर हासिल किया और मेडल राउंड में जगह नहीं बना सके। मनु भाकर ने भी शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत राउंड में निराशाजनक प्रदर्शन किया और 18वें स्थान पर रहने के बाद फाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं। इस बीच, अर्जुन बाबुता और सोनम मास्कर को

10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के सियोनैड मैकिन्टोश और डीन बेल से 16-14 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

इससे पहले, अर्जुन बाबुता और सोनम मास्कर ने 38-टीम क्वालीफाइंग राउंड में 632.3 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया था। नैंसी और पूर्व विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल 627.4 के स्कोर के साथ 20वें स्थान पर रहे। अनुराधा देवी ने शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता था। एक स्वर्ण पदक और दो रजत पदक के साथ भारत आईएसएसएफ विश्वकप के पहले चरण में शीर्ष पर है। कजाकिस्तान, स्पेन, यूनान, ब्रिटेन और दक्षिण कोरिया ने भी एक-एक स्वर्ण जीता है, लेकिन रजत पदक कम मिले हैं। पुरुष और महिला ट्रैप स्पर्धा में कोई भी भारतीय निशानेबाज मेडल राउंड में नहीं पहुंच सका।

## बोपन्ना सबसे अधिक उम्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत के रोहन बोपन्ना ने 43 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल टेनिस खिताब जीता है। इसी के साथ ही वह सबसे अधिक उम्र में ये खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। बोपन्ना ने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ मिलकर ये खिताब जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन ने इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया ववासोरी को 7-6(0), 7-5 से हराया। बोपन्ना ने इसी के साथ ही अपना पहला ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल खिताब जीतने का लक्ष्य भी हासिल कर लिया है। बोपन्ना और एबडेन ने एक घंटे, 40 मिनट तक चले मुकाबले के बाद ये जीत दर्ज की। उन्होंने और एबडेन ने अहम चरणों में अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस प्रदर्शन किया। इस जोड़ी ने पहले सेट के टाई-ब्रेक में वापसी करते हुए जबरदस्त बढ़त दर्ज की वहीं इससे पहले 11वें गेम में दूसरे सेट में अहम ब्रेक भी हासिल किया । बोपन्ना और एबडेन ने हार्ड-कोर्ट मेजर में खेले गए सभी सात टाई-ब्रेक जीते। जीत के बाद बोपन्ना और एबडेन बेहद उत्साहित दिखे। यह पहली बार है जब बोपन्ना ने कोई बड़ा पुरुष युगल खिताब जीता है।

इससे पहले वह साल 2010 और 2023 में अमेरिकी ओपन के फाइनल में हार गए थे। बोपन्ना ओपन युग में एक बड़ा पुरुष युगल खिताब जीतने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। वह अब एटीपी युगल रैंकिंग में सबसे अधिक उम्र में खिताब जीतने के मामले में नंबर एक खिलाड़ी बन गये हैं। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल का खिताब जीतने वाले 28वें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं। बोपन्ना ने इससे पहले साल 2017 में फ्रेंच ओपन में गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ मिश्रित युगल खिताब जीता था। वहीं उनके जोड़ीदार एबडेन ने अब तब दो पुरुष युगल खिताब जीते हैं। उन्होंने साल 2022 में मैक्स परसेल के साथ विंबलडन जीता है। बोपन्ना लिएंडर पेस, भूपति और मिर्जा के बाद ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले कुल मिलाकर चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं।

# वेस्टइंडीज ने रचा इतिहास,

## 27 साल बाद टेस्ट में आस्ट्रेलिया को उसी की सरजमीं पर हराया, श्रृंखला भी 1-1 से बराबरी की

**ब्रिसबेन (एजेंसी)।** शामार जोसेफ के सात विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गाबा पर दिन रात का टेस्ट जीता जो आस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट में 27 साल बाद मिली जीत है। जोसेफ को वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क का यॉर्कर लगा था और उन्हें मैदान से जाना पड़ा था। उन्होंने गेंदबाजी में कमाल दिखाते हुए 68 रन देकर सात विकेट लिये और आस्ट्रेलिया को 207 रन पर आउट कर दिया। सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 146 गेंद में 91 रन बनाकर नाबाद रहे। एडीलेड में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 24 वर्ष के जोसेफ 11वें नंबर के बल्लेबाज जोश हेजलवुड का विकेट लेते ही खुशी के मारे उछल पड़े। वेस्टइंडीज ने एडीलेड टेस्ट तीन दिन के भीतर दस विकेट से गंवाने के बाद वापसी करके श्रृंखला में 1-1 से बराबरी की।

वाका पर 1997 में दस विकेट से जीत दर्ज करने के बाद से वेस्टइंडीज ने आस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच नहीं जीता है। कैमरन ग्रीन और स्मिथ ने216 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पहले घंटे में आस्ट्रेलिया को दो विकेट पर 60 रन तक पहुंचाया। जोसेफ ने लगातार दस ओवर डालते हुए पहले स्पैल में 60 रन देकर छह

विकेट लिये। उस समय आस्ट्रेलिया को जीत के लिये 29 रन की जरूरत थी और उसके दो विकेट बाकी थे। जोसेफ ने ग्रीन (42) को आउट करके 71 रन की साझेदारी तोड़ी।

इसके बाद अगली यॉर्कर पर ट्रेविस हेड को पवेलियन भेजा। मिचेल मार्श (10) और एलेक्स कारी (दो) भी टिक नहीं सके। स्टार्क ने 21 रन बनाये लेकिन कवर में केविन सिनक्लेयर को कैच देकर जोसेफ का पांचवां शिकार बने। वहीं पहली पारी में नाबाद 64 रन बनाने वाले पैट कमिंस दो रन बनाकर आउट हो गए। जोसेफ ने नाथन लियोन को डिनर ब्रेक के बाद आउट किया। स्मिथ ने जोसेफ को फाइन लेग पर छक्का लगाकर लक्ष्य एक अंक का कर दिया लेकिन हेजलवुड का आफ स्टम्प उखाड़कर जोसेफ ने वेस्टइंडीज को जीत दिलाई।

## 27 साल बाद वेस्टइंडीज को ऑस्ट्रेलिया में मिली जीत पर भावुक हुए लारा

गाबा। शमर जोसेफ की घातक गेंदबाजी से वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में 8 रन से हरा दिया। शमर ने सात विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसे दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम 216 रनों के लक्ष्य का पीछा नहीं कर पायी और 207 रनों पर ही आउट हो गयी। वेस्ट इंडीज को ऑस्ट्रेलिया में 27 साल बाद मिली जीत पर वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा भी भावुक हो गये। लारा का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इसमें उनकी आंखों में आंसू नजर आये। लारा ने खुशी में कमेंट्री बॉक्स में अपने साथी कमेंटेटर एडम गिलक्रिस्ट को गले लगा लिया। शमर ने जैसे ही ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड का विकेट लिया टीम को जीत मिल गयी।

लारा ने मैच देखकर इस जीत को अविश्वसनीय बताया। साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलिया में हराने में 27 साल लग गए। युवा अनुभवहीन क्रिकेटरों को बेकार माना गया पर उन्होंने कमाल कर दिया। इससे उम्मीद है कि यह वेस्टइंडीज टीम अब मजबूती से खड़ी हो सकती है। वेस्टइंडीज क्रिकेट आज मजबूती से खड़ा हो सकता है। आज वेस्टइंडीज क्रिकेट में एक बड़ा दिन है। बधाई हो, हर एक को बधाई। वहीं जब वेस्टइंडीज के क्रिकेटर गाबा में विजय यात्रा के लिए निकले तो लारा भावनाओं से भर गए। इस मैच ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ की नाबाद 91 रन की पारी भी उनकी टीम को बचा नहीं पायी।

## रोहित भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले चौथे क्रिकेटर बने

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में एक अहम उपलब्धि हासिल कर ली है। रोहित भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले चौथे क्रिकेटर बन गए हैं। रोहित इसी के साथ ही पूर्व कप्तान सौरव गांगुली से आगे निकल गये।

रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में पहली पारी में 24 रन बनाये और इसी के साथ ही उनके कुल रन 18,444 हो गये।

रोहित ने 43.34 के औसत से 467 मैचों में ये रन बनाये हैं। भारतीय कप्तान ने इस दौरान 46 शतक भी लगाए। इससे पहले गांगुली ने भारतीय टीम की ओर से 18,433 रन बनाए थे। वहीं भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में पहले तीन स्थानों पर सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और राहुल द्रविड़ हैं। सचिन ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 664 मैच खेलकर सबसे अधिक 34,357 रन बनाए हैं। उन्होंने इस दौरान रिकॉर्ड 100 शतक भी लगाए हैं। वहीं विराट ने 522 मैचों में 26,733 रन बनाए हैं और वह दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने अब तक 80 शतक लगाये हैं जबकि द्रविड़ तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 509 मैच में 24,208 रन बनाए हैं।

रोहित को शीर्ष-3 में पहुंचने द्रविड़ को पीछे छोड़ना होगा। द्रविड़ और रोहित के बीच तकरीबन 6000 रन का बड़ा अंतर है ओर ये आंकडा हासिल करना बेहद कठिन है।

# एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्वकप: फाइनल में हारा भारत, नीदरलैंड बना चैंपियन

**मस्कट (एजेंसी)।** नीदरलैंड की महिला टीम ने एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्व कप 2024 के फाइनल में भारतीय महिला टीम को हराकर चैंपियनशिप जीत ली है। शनिवार को यहां खेले गए फाइनल में मुकाबले में भारतीय महिला हॉकी टीम को नीदरलैंड से 2-7 से हार का सामना करना पड़ा।

मैंच की शुरुआत में नीदरलैंड की जेनेके वान डी वेने ने एक लंबा शॉट खेलते हुए गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई और इसके कुछ ही देर बाद बेन्टे वान डेर वेल्ट ने एक और गोल दागकर नीदरलैंड की बढ़त दोगुनी दिया। नीदरलैंड के खिलाड़ियों द्वारा किये गये चार और गोल की बदौलत पहले हॉफ में स्कोर 6-0 रहा। नीदरलैंड के लिए जेनेके वान डी वेने ने दूसरे और 14वें मिनट में, बेन्टे वान डेर वेल्ट ने चौथे और आठवें मिनट में, लाना कालसे ने 11वें, 27वें और सोशा बेनिंगा ने 13वें ने गोल किए।

दूसरे हाफ में ज्योति छत्री ने गोलकर भारत का खाता खोला। इसके बाद रुतुजा दादासो पिसल ने 23वें मिनट में गोलकर स्कोर 6-2 कर दिया। वहीं भारत की ओर से ज्योति छत्री ने 20 वें मिनट में और रुतुजा दादासो पिसल ने 23वें मिनट में गोल किये। नीदरलैंड की लाना कालसे ने 27वें मिनट में एक और गोलकर मैच 7-2 स्कोर के साथ समाप्त कर दिया।

## रोहित शर्मा की युवा क्रिकेटरों को सलाह, विराट कोहली से 'ये' गुण सीखें

मुम्बई । भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने सीनियर भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर तारीफ की है। शर्मा ने कहा है कि भारत के पूर्व कप्तान से न केवल मैदान के अंदर बल्कि बाहर भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। जियो सिनेमा पर दिनेश कार्तिक से बात करते हुए शर्मा ने कोहली की प्रतिभा के बारे में विस्तार से बताया और बताया कि युवाओं को सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक से क्या सीखने की जरूरत है इस पर भी प्रकाश डाला। रोहित ने कहा, 'विराट कोहली अपने पूरे करियर में कभी भी एनसीए नहीं गए हैं। मैं कहूंगा कि सभी युवा खिलाड़ियों को उनके जुनून को देखना चाहिए। वह कवर ड्राइव, पिलक, कट कैसे खेलते हैं, इसकी बात छोड़ दें, लेकिन सबसे पहले आपको यह करना होगा, समझें कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता क्या है जो उन्हें आज इस मुकाम पर पहुंचाती है।' शर्मा ने बताया कि कुछ बदलाव हैं जो एक व्यक्ति को अंदर से करने की जरूरत है और युवाओं के लिए उन्होंने सलाह दी कि वे विराट कोहली को देख सकते हैं और उसके अनुसार अपना दृष्टिकोण और तरीके बदल सकते हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने कोहली को काफी देखा है। उसने जो हासिल किया है उससे वह आसानी से संतुष्ट हो सकता है। वह कह सकता है कि मैं इन 2-3 श्रृंखलाओं में इसे आसानी से ले लूंगा, मैं बाद में आऊंगा, लेकिन वह हमेशा टीम के लिए मौजूद है। वह मानसिकता भूखा रहना और आत्मसंतुष्ट न रहना सिखाया नहीं जा सकता। आपको यह दूसरों को देखकर सीखना होगा। यह भीतर से आनी चाहिए। मैं आपको यह नहीं सिखा सकता।'

## मैच फिक्सिंग के आरोपों को शोएब मलिक ने किया सिरे से खारिज

**ढाका (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शोएब मलिक ने मैच फिक्सिंग के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन पर बांग्लादेश प्रीमियर लीग में मैच फिक्सिंग के आरोप लगाने के साथ ही फोरच्यून बारिशल टीम के साथ अनुबंध खत्म होने का दावा भी किया जा रहा है। इसके बाद सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों के अनुसार मैच फिक्सिंग के संदेह के कारण ही फ्रेंचाइजी ने मलिक का अनुबंध खत्म कर दिया है। 22 जनवरी को खुलना टाइगर्स के खिलाफ एक मैच के दौरान शुरूआती ओवर में तीन नोबॉल फेंके जाने के बाद यह दावा सामने आया है। इन आरोपों के बावजूद मलिक ने फ्रेंचाइजी के लिए एक और मैच खेला जिसके बाद बीपीएल 2024 का ढाका चरण समाप्त हुआ। इधर मलिक ने अपने 'एक्स अकाउंट पर लिखा- जब बात अफवाहों की हो तो मैं सतर्कता बरतने की महत्ता पर जोर देना चाहता हूं, विशेषकर हाल में जो अफवाहें चल रही हैं। उन्होंने कहा- मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं इन आधारहीन अफवाहों का खंडन करता हूं। सभी के लिए किसी भी जानकारी पर विश्वास करना और इस फैलाने से पहले जांच करना बहुत महत्वपूर्ण है। मलिक ने लिखा- झूठ से प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है और इससे गैर जरूरी भ्रम पैदा होता है। सच्चाई को प्राथमिकता दें और तथ्यों की समझ सुनिश्चित करने के लिए विश्वसनीय सूत्रों पर ही भरोसा करें।

इसके साथ ही सोएक मलिक ने टीम के कप्तान तमीम इकबाल के साथ हुई चर्चा को भी स्पष्ट किया और कहा कि उन्होंने साथ मिलकर दुबई में एक मीडिया कार्यक्रम के

लिए बांग्लादेश से उनकी अस्थायी रवानगी की योजना बनायी है।

## जयसवाल, राहुल और जडेजा ने बनाया यूनीक रिकॉर्ड, 92 साल में पहली बार

नई दिल्ली। भारतीय टीम ने हैदराबाद के मैदान पर इंगलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन 436 रन बनाकर 190 रन की महत्वपूर्ण लीड हासिल कर ली है। भारतीय टीम की ओर से यशस्वी जयसवाल 80, केएल राहुल 87 और रवींद्र जड़ेजा 80 से ज्यादा रन बनाने में सफल रहे। तीनों बल्लेबाजों ने मिलकर एक यूनीक रिकॉर्ड भी बना दिया। दरअसल, भारत की ओर से तीन बल्लेबाजों द्वारा 80 से ज्यादा रन बनाकर आऊट होने का यह पहला मुकाबला है। भारतीय टीम को टेस्ट क्रिकेट खेलते 92 साल हो गए हैं। इससे पहले कभी ऐसा नहीं देखा गया था। हैदराबाद के मैदान पर इंगलैंड ने दूसरी पारी में अपनी स्थिति मजबूत कर 126 रन की लीड ले ली है। इंगलैंड को पहली पारी को 246 रन पर रोककर भारतीय टीम ने जायसवाल, केएल राहुल और रविंद्र जडेजा की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 436 रन बनाए थे। भारत के पास 190 रन की लीड थी। लेकिन इंगलैंड ने दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी की। खास तौर पर ओली पोप ने 208 गेंदों पर 148 बनाए और स्कोर 316 तक ले गए। इंगलैंड के पास लीड है और वह चौथे दिन इसे और मजबूत करना चाहेगा।

# पूरी तरह से फिट दीपक चाहर की निगाहें टी20 विश्व कप पर

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर व्यक्तिगत तौर पर चुनौतीपूर्ण दौर के कारण कुछ मुकाबलों में नहीं खेल पाए लेकिन अब वह वापसी को तैयार हैं और उनकी निगाहें इस साल के अंत में होने वाले टी20 विश्व कप पर लगी हुई हैं। पिता के 'ब्रेन स्ट्रोक' के कारण वह दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के भारत दौरे और फिर इसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए। चाहर ने कहा, 'मैं अपने पिता की वजह से ही यहां हूं, जो भी मैंने हासिल किया है वो अपने पिता की वजह से ही हासिल किया। इस हालत में अगर उनके पास नहीं हूं तो मैं कैसा बेटा हूं?' उन्होंने कहा, 'अगर यह श्रृंखला भारत में होती तो मैं निश्चित रूप से खेलने की कोशिश करता क्योंकि अगर जरूरत होती तो मैं चार-पांच घंटे में अस्पताल पहुंच सकता था। लेकिन दक्षिण अफ्रीका से दो तीन दिन वापस आने में लगते। तो मेरे लिए आसान फैसला अपने पिता के साथ रहने का था, कोई भी बेटा ऐसा करेगा।'

चाहर ने कहा कि उन्हें फिटेनस संबंधित वर्कआउट के अलावा ट्रेनिंग का ज्यादा समय नहीं मिला तो वह तैयारी के लिए एनसीए में चले गये क्योंकि उनकी निगाहें भारत की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने पर लगी हैं। उन्होंने कहा, 'मैं 25 दिन तक अपने पिता के साथ अस्पताल में था। वह आगरा में नहीं अलीगढ़ में थे। हम सभी को उनके साथ वहीं रूकना था। मैं बस कुछ व्यायाम ही कर पाता था। मैं कोई भी क्रिकेट गतिविधि नहीं कर रहा था इसलए मैं अफगानिस्तान श्रृंखला के लिए तैयार नहीं था। मैंने एक महीने से अभ्यास नहीं किया था।'

उन्होंने कहा, 'मैं एनसीए गया और अभ्यास शुरू किया। मैं अब पूरी तरह फिट हूं। सब ठीक है और मैंने आईपीएल और विश्व कप के लिए कड़ी ट्रेनिंग की है।' चाहर ने कहा, 'मैं चोटों के कारण दो टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाया। अगर मैं पूरी तरह फिट होता तो मैं विश्व कप टीम का भी हिस्सा होता। किसी भी टीम संयोजन में हमेशा ऐसे गेंदबाज की जरूरत होती है तो जो सातवें, आठवें और नौवें नंबर पर बल्लेबाजी कर सके। मैंने ऐसा किया है और भारतीय टीम के लिए रन बनाए हैं।' चाहर का महेंद्र सिंह धोनी से विशेष लगाव है और उनका कहना है कि उनके करियर को निखारने और इसे लंबा करने में चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान का ही हाथ है। वह नहीं चाहते हैं कि यह महान क्रिकेटर संन्यास ले बल्कि उन्हें दो तीन साल और खेलना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मुझे उनके (धोनी) साथ सहज होने में दो तीन साल लगे, मैं उन्हें बड़ा भाई मानता हूं और वह भी मुझसे छोटे भाई की तरह बर्ताव करते हैं।' चाहर ने कहा, 'लॉकडाउन के समय में हमने साथ में काफी पबजी खेला। हमने काफी गेम खेले। मैं भाग्यशाली हूं कि उनसे इतना कुछ सीखा। मैं कहूंगा कि उनकी वजह से ही मुझे भारत के लिए खेलने का मौका मिला क्योंकि इससे पहले उन्होंने 2018 आईपीएल में सभी 14 मैच खेलने का बड़ा मौका दिया था।' धोनी पिछले एक साल से घुटने की चोट से जूझ रहे हैं। चाहर का कहना है कि उन्हें अपने करियर के इस पड़ाव पर चेन्नई सुपरकिंग्स की अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से बचना चाहिए और अपने खेल का लुत्फ उठाना चाहिए।

# सकट चौथ पर इस तरह से करें पूजा, पूरी होगी हर मनोकामना

**इस साल सकट चौथ का त्योहार कल यानी 29 जनवरी 2024 को मनाया जाएगा। माना जाता है सकट चौथ के दिन विधि विधान के साथ भगवान श्री गणेश की पूजा और व्रत किया जाए तो गणपति जी जीवन के सभी कष्टों को दूर करने के साथ साथ सभी मनोकामना पूरी करते हैं।**

सकट चौथ के व्रत का बहुत महत्व माना जाता है। इस दिन मुख्य रूप से भगवान गणेश की पूजा और व्रत का विधान है लेकिन भगवान गणेश के साथ साथ इस दिन शिव परिवार और चंद्र देव का पूजन भी किया जाता है। मान्यता है पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सकट चौथ का व्रत करने से सभी कष्टों से छुटकारा मिलता है , मनोकामना पूर्ण होती है और संतान का कल्याण होता है । संतान की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन के लिए भी सकट चौथ का व्रत रखा जाता है।

**सकट चौथ का मुहूर्त**

29 जनवरी 2024 को सुबह 06:10 बजे चतुर्थी तिथि शुरू होगी जो 30 जनवरी 2024 की सुबह 08:55 बजे तक रहेगी। इसलिए 29 जनवरी 2024 को सकट चौथ का त्योहार मनाया जाएगा।

**चंद्रोदय का समय**

29 जनवरी 2024 को रात 08:52 पर चंद्रोदय होगा। अलग अलग स्थान पर चंद्रोदय का समय भी अलग अलग होगा।

**भगवान गणेश को प्रसन्न करने के लिए इस तरह से करें पूजा**

ज्योतिषाचार्य पंडित राकेश पांडेय बताते हैं कि सकट चौथ के दिन सूर्योदय से पहले जागकर नित्य क्रिया के बाद स्नान करें। स्नान के

बाद धुले हुए साफ और स्वच्छ वस्त्र पहनें और व्रत रखने का संकल्प करें। सकट चौथ पर मुख्य रूप से भगवान गणेश जी की पूजा की जाती हैं , कहीं कहीं लोग शिव परिवार की भी पूजा करते हैं। सबसे पहले साफ चौकी पर लाल वस्त्र बिछाकर उस पर भगवान गणेश या शिव परिवार की प्रतिमा स्थापित करें। फिर भगवान गणेश जी को तिलक ,धूप, दीप ,फल, फूल आदि अर्पित करें। उनकी पूजा करें और आरती करें।

इसके बाद सूर्य देव को जल अर्पित करें। और पूरे दिन निर्जला व्रत रखें। शाम के समय पूजा में गणेश जी की कथा पढ़े या सुनें और उसके बाद आरती करें । गणेश जी के भोग में तिल और गुड़ से बने लड्डू या तिलकुट जरूर रखें। गणेश भगवान से प्रार्थना करें। चंद्रोदय के बाद चंद्रमा को जल अर्पित करें। जल के साथ साथ चंद्रमा को फल फूल, रोली या चंदन और चावल अर्पित करें। पूजा की समाप्ति के बाद घर के सभी सदस्यों को तिलकुट का प्रसाद बांटे और व्रत खोलें।

## ऐसे करें भगवान की पूजा

- सुबह स्नान करने के बाद, गणेश अष्टोत्तर का पाठ करें।
- शाम के समय, भगवान गणेश की प्रतिमा को एक बेदाग आसन पर रखें और उसे सुंदर फूलों से सजाएं।
- मूर्ति के सामने एक दीया और एक अगरबत्ती जलाएं।
- देवताओं को फलों का प्रसाद चढ़ाएं और उन्हें ग्रहण करने का आमंत्रण दें।
- अपनी प्रार्थनाएं भगवान को अर्पित करें, अपने मन की शुद्धि और भक्ति से उनसे आशीर्वाद प्राप्त करें।
- भगवान गणेश को आरती अर्पित करें, उनके नामों का स्मरण करें और उन्हें स्तुति दें।
- चंद्रमा को अर्घ्य, तिल के लड्डू और दूर्वा अर्पित करें। इसके साथ ही चंद्रमा को जल और दूध का मिश्रण भी अर्पित करें।

# माघ मास में 4 चीजों को खरीदना लाता है सौभाग्य जानें इनका महत्व, इस खास योग में करें खरीदारी

**माघ के महीने को हिन्दू धर्म में बहुत पवित्र माना गया है। माघ महीने में खरीदी गई कुछ चीजें आपके जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती हैं। ऐसे में हम आपको माघ मास में क्या खरीदना चाहिए, इसके बारे में बता रहे हैं ज्योतिषी एवं वास्तु सलाहकार पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा।**

माघ का महीना शुरू हो गया है। माघ के महीने का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। इस माह में लोग पवित्र नदी में स्नान करते हैं, इसके साथ ही पवित्र तीर्थ स्थानों पर यात्रा करने के लिए जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि माघ के महीने में भगवान विष्णु की विधिवत पूजा करने से सभी कार्यों में सफलता मिलती है।

इस महीने का मां लक्ष्मी से भी खास संबंध माना जाता है। माघ के महीने में बड़े-बड़े तीर्थ स्थानों में मेलों का आयोजन किया जाता है। आइए जानते हैं ज्योतिषी एवं वास्तु सलाहकार पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा से कि माघ के महीने में क्या खरीदना शुभ माना जाता है।

**बन रहा शुभ योग**

इस बार माघ महीने में रवि पुष्य योग का निर्माण हो रहा है, जिसे बहुत ही शुभ माना जाता है। ज्योतिषी

पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि इस योग में और माघ के महीने में क्या खरीदना चाहिए।

**काला तिल**

काले तिल का खरीदना बहुत शुभ माना जाता है। कहा जाता है कि माघ के महीने में काला तिल खरीदकर अगर भगवान शंकर को अर्पित किया जाए तो इससे कई तरह की परेशानियां दूर होती हैं और इंसान के जीवन में नई खुशियां आती हैं।

**तुलसी**

माघ के महीने में तुलसी की भी पूजा की जाती है। तुलसी का पौधा खरीदना शुभ माना जाता है। इस माघ के महीने में आप तुलसी का पौधा खरीदकर अपने घर में लाकर लगाएं। माना जाता है कि तुलसी का पौधा खरीदने से आपके घर में सौभाग्य बना रहता है इसके साथ ही आपके जीवन में भगवान विष्णु की भी कृपा बनी रहती है।

**सरसों खरीदना शुभ होता है**

माघ महीने में सरसों की खरीदी को भी शुभ माना जाता है। सरसों खरीदने से कुंडली में शनि दोष से मुक्ति मिलती है। माघ के शनिवार को सरसों खरीदना चाहिए। ऐसा करने से आपके जीवन में खुशहाली आएगी।

**श्रीयंत्र**

इसके अलावा माघ मास में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने के लिए श्रीयंत्र जरूर खरीदें। घर में इसकी पूजा करने से लाभ बना रहता है।

# बेहद चमत्कारी है भैरो बाबा का यह मंदिर, यहां प्रसाद चढ़ाने से कष्टों और दुश्मनों का हो जाता है सर्वनाश!

सहारनपुर में प्राचीन भैरो बाबा का मंदिर श्रद्धलुओं की आस्था का एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। दाल मंडी पुल के पास स्थित यह मंदिर सैंकड़ो वर्ष पुराना है। मान्यता है कि यह मंदिर एक तिलस्मी मंदिर भी है। भैरो बाबा के मंदिर में आस्था के साथ पूजा करने व प्रसाद अर्पित करने से व्यक्ति के सभी दुश्मनों का सर्वनाश हो जाता है और सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।

सहारनपुर में दाल मंडी पुल के पास स्थित भैरो बाबा के मंदिर की कहानी बहुत प्राचीन है। मन्दिर के पुजारी मनोज पंडित में बताया कि यह मंदिर करीब 400 वर्ष प्राचीन है। अंग्रेजी शासन से भी पूर्व से भैरो बाबा का यह मंदिर अस्तित्व में है। उन्होंने बताया कि इस मंदिर में श्रद्धालुओं की बहुत आस्था है। शनिवार, रविवार व मंगलवार को मंदिर में श्रद्धालु काफी संख्या में पूजा अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ति की कामना करने आते हैं। उन्होंने बताया कि सहारनपुर ही नहीं बल्कि आस पास के देहात क्षेत्र के लोग भी भैरो बाबा की पूजा करने मंदिर में आते हैं। मान्यता है कि इस मंदिर में आकर भैरो बाबा की पूजा करने से भक्तों के सभी कष्टों व दुश्मनों का सर्वनाश हो जाता है।

सहारनपुर के भैरो बाबा के मंदिर के पुजारी मनोज़ पंडित ने बताया कि शनिवार व मंगलवार को श्रद्धालु भारी संख्या में भैरो बाबा की पूजा करते हैं। इस मंदिर में पूजा करने के लिए भक्त विशेष प्रकार का प्रसाद अर्पित करते हैं। उन्होंने बताया कि भले का प्रसाद, धार का पतझड़ व इमरती का प्रसाद का भोग भैरो बाबा को अर्पित किया जाता है। इस प्रसाद को बाबा के चरणों मे अर्पित करने व भोग लगाने से भक्तो की मनोकामना पूर्ण हो जाती है तथा समस्त कष्ट का निवारण भी हो जाता है। मनोज पंडित ने बताया कि उनकी चौथी पीढ़ी इस मंदिर में पुजारी के रूप में भैरो बाबा की सेवा में लगी हुई है। उनके परदादा, दादा व पिता के बाद वह भैरो बाबा के मंदिर में पुजारी हैं।

## सकट चतुर्थी की पूजा में क्यों लगता है भगवान गणेश को तिलकुट का भोग?

29 जनवरी को सकट चतुर्थी का पर्व है। माघ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को वक्रतुंडी चतुर्थी, माही चौथ, तिल या तिलकूट चतुर्थी भी कहते हैं। माना जाता है कि चतुर्थी के दिन व्रत रखने और भगवान गणेश की पूजा से सभी कष्ट दूर होते हैं। वहीं मनोकामना भी पूरी होती हैं। इस दिन भगवान गणेशजी को तिल के लड्डुओं का भोग लगाया जाता है। शास्त्रों के मुताबिक, प्राथ पूज्य विघ्न-विनाशक भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने से सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। पुराणों में सकट चतुर्थी का खास महत्व है। भगवान गणेश की अर्चना के साथ चंद्रोदय के समय अर्घ्य देने का विधान है। महिलाओं के लिए इस व्रत को खास माना गया है। इंदौर के प्राचीन खजराना गणेश मंदिर के पंडित विनीत भट्ट के मुताबिक, मंगलमूर्ति भगवान गणेश को पंचामृत से स्नान के बाद फल, लाल फूल, अक्षत, रोली, मोली अर्पित करना चाहिए। सकट चतुर्थी को तिलकुटा चतुर्थी भी कहा जाता है, इसलिए तिल से बनी वस्तुएं अथवा तिल-गुड़ से बने लड्डुओं का भोग लगाना चाहिए। गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ अवश्य करना चाहिए।

सकट चतुर्थी पर गणपति बप्पा को भोग के रूप में तिल और तिल से बनी चीजों का प्रसाद चढ़ाते हैं। सकट चौथ को लेकर अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग मान्यताएं हैं। कथा के अनुसार, माघ मास में तिल का विशेष महत्व है और भगवान गणेश को भी तिलकुटा या तिल के लड्डू बेहद प्रिय हैं। व्रत करने वाली महिलाएं भगवान गणेश के लिए गुड़ और तिल से तिलकुट बनाकर भोग लगाती हैं, जिससे भगवान व्रती से प्रसन्न होकर गरीबी और संकटों को दूर करते हैं। इसलिए इस दिन विशेषतौर पर तिलकुटा प्रसाद के रूप में गणपति को चढ़ाने की मान्यता है।

धर्म को वैज्ञानिक दृष्टि से जोड़कर देखा जाए तो तिलकुट में तिल होता है और तासीर गर्म होती है। ठंड में तिल खाने से लोगों में मौसमी संक्रमण का असर कम होता है। आयुर्वेद की दवा में भी तिल का इस्तेमाल होता है। शरीर को तिल-गुड़ से स्वस्थ और ऊर्जावान जिंदगी मिलती हैं।

# पीपल के पेड़ में होता है सभी देवी देवताओं का वास, राशि अनुसार चढ़ाएंगे ये चीजें तो पूरी होगी हर मनोकामना

**अगर पीपल के पेड़ की बात की जाए, तो इस पेड़ को पूजनीय माना जाता है। पीपल के पेड़ पर राशि के अनुसार क्या चढ़ाना शुभ होता है। इस बारे में जानकारी होना बहुत जरूरी है। तो आइए जानते हैं राशि अनुसार पीपल के पेड़ पर क्या चढ़ाना चाहिए।**

हिंदू धर्म में पेड़-पौधों का विशेष महत्व माना जाता है। आपको बता दें कि हिंदू धर्म में कई पेड़ों की पूजा की जाती है और ग्रह दोष निवारण के लिए भी इन पेड़ों को शुभ माना जाता है। वहीं यदि राशि अनुसार, पेड़-पौधों की पूजा की जाती है, तो जातक को इसके शुभ परिणाम भी प्राप्त हो सकते हैं। वहीं अगर पीपल के पेड़ की बात की जाए, तो इस पेड़ को पूजनीय माना जाता है।

पीपल के पेड़ पर राशि के अनुसार क्या चढ़ाना शुभ होता है। इस बारे में जानकारी होना बहुत जरूरी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि जातक को अपनी राशि के मुताबिक पीपल के पेड़ पर क्या चढ़ाना चाहिए।

**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों को पीपल के पेड़ की जड़ में दूध चढ़ाना चाहिए। इससे जाककों पर भगवान भोलेनाथ की कृपा बनी रहती है और उनकी सभी मनोकामनाएं भी जल्द पूरी हो सकती है। पीपल के पेड़ में सभी देवी-देवताओं का वास माना जाता है। इसलिए इस राशि के जातक को पीपल के पेड़ की जड़ में दूध चढ़ाना चाहिए।

**वृष राशि-** इस राशि के जातकों को पीपल के पेड़ की जड़ में चंदन का तिलक लगाना चाहिए। इससे वृष राशि के जातकों को ग्रहदोष से छुटकारा मिल सकता है। वहीं अगर परिवार का कोई सदस्य लंबे समय से बीमार है, तो इस उपाय को करने से रोगदोष संबंधी समस्याएं भी दूर हो जाएंगी।

**मिथुन राशि-** इस राशि के जातक को पीपल के पेड़ की जड़ में नियमित रूप से जल चढ़ाना चाहिए। इससे आपकी कुंडली में मौजूद दोष से निजात मिल जाएगा और आपको मानसिक शांति मिलेगी।

**कर्क राशि-** कर्क राशि के जातकों के लिए पीपल के पेड़ की जड़ में दूध और हल्दी चढ़ाना शुभ माना जाता है। इसस कर्क राशि के जातकों को किसी भी चीज का भय नहीं होता है और अशुभ प्रभावों से भी मुक्ति मिलती है।

**सिंह राशि-** इस राशि के जातकों को पीपल के पेड़ की जड़ में केसर और फल चढ़ाना चाहिए। इससे सिंह राशि के जातकों को सभी समस्याओं से राहत मिल सकती है।

**कन्या राशि-** कन्या राशि के जातकों को पीपल के पेड़ में अक्षत और जल चढ़ाना चाहिए। इस उपाय को करने से इस राशि के जातकों को गुरुदोष से छुटकारा मिल सकता है।

**तुला राशि-** पीपल के पेड़ की जड़ में तुला राशि के जातकों को दही और शहद चढ़ाना चाहिए। इस उपाय को करने से जातक को शुभ फल की प्राप्ति हो सकती है और आपकी कोई मनोकामना भी पूरी हो सकती है।

**वृश्चिक राशि-** इस राशि के जातकों को पीपल के पेड़ की जड़ में गन्ने का रस चढ़ाना चाहिए। इससे आपको कभी किसी कार्य में असफलता का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**धनु राशि-** वहीं धनु राशि के जातरों को पीपल के पेड़ की जड़ में मिश्री और दूध चढ़ाना चाहिए। इस उपाय को करने से इस राशि के जातकों को धन लाभ हो सकता है और आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**मकर राशि-** इस राशि के जातकों को पीपल के पेड़ की जड़ में तांबे के लोटे से गंगाजल चढ़ाना चाहिए। इस उपाय को करने से रोगदोष से संबंधित समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि के जातकों को रोजाना पीपल के पेड़ की जड़ में दूध और काले तिल चढ़ाना चाहिए। ऐसा करने से जातकों को शनिदोष से मुक्ति मिल सकती है।

**मीन राशि-** यदि मीन राशि के जातक पीपल के पेड़ की जड़ में रोजाना हल्दी चढ़ाते हैं। तो इससे उनके ऊपर श्रीहरि विष्णु की कृपा बनी रहेगी। साथ ही इस उपाय को करने से आपको काम में सफलता मिल सकती है।

# रहस्यमयी मंदिर जहां नजर आती है ऐसी छाया जिसका नहीं है कोई आधार

**भारत में बहुत से मंदिर हैं जो विशेष रूप से अपने चमत्कारों के कारण देश में ही नहीं पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं। देश के कुछ मंदिर तो ऐसे भी हैं जहां जाने से ही लोगों की मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। कुछ मंदिर ऐसे भी हैं जिनमें कुछ ऐसी चमत्कारी घटनाएं होती हैं जिनके रहस्य की गुत्थी आज तक नहीं सुलझ पाई है।**

भारत के मंदिरों और देवी-देवताओं से जुड़े चमत्कारों की कहानियां हम बचपन से ही सुनते आ रहे हैं। भारत के कुछ ऐसे भी मंदिर है जहां कुछ ऐसी घटनाएं होती हैं जिनको देख लोगों की आंखें खुली रह जाती हैं। इन मंदिरों में होने वाली इन घटनाओं पर बहुत से वैज्ञानिकों ने शोध भी किए लेकिन कोई भी गुत्थी सुलझाने में कामयाब नहीं हो पाया है। ऐसा ही एक मंदिर है तेलंगाना में स्थित छाया सोमेश्वर मंदिर। इस मंदिर में एक ऐसी रहस्यमयी छाया दिखाई देती है जिसका कोई आधार वहां मौजूद नहीं है।

**छाया जिसका नहीं कोई आधार**

तेलंगाना में स्थित छाया सोमेश्वर मंदिर में और भी देवताओं की मूर्तियां है लेकिन भगवान शिव के मंदिर में स्थित शिवलिंग पर दिनभर एक वस्तु की छाया पड़ती है जो हकीकत में है ही नहीं। यहां शिवलिंग पर पूरे दिन एक पिलर की छाया पड़ती है लेकिन बताया जाता है कि शिवलिंग के आस-पास ऐसा कोई पिलर है ही नहीं, इस रहस्यमयी छाया के कारण ही इस मंदिर का नाम छाया सोमेश्वर मंदिर है। यहां प्रश्न यह उठते हैं कि यह छाया किसकी है? पिलर नहीं है तो छाया कैसे बनती है? इन सवालों का जवाब आज तक नहीं मिला है। वैज्ञानिकों के लंबे शोध भी इस रहस्य को नहीं सुलझा पाए हैं।

**त्रिदेव का होता है पूजन**

भारत के तेलंगाना में स्थित छाया सोमेश्वर मंदिर हैं जो कि एक शैव हिंदू मंदिर है इस मंदिर में भगवान शिव, विष्णु जी और ब्रह्मा जी की पूजा की जाती है। तीनों देवताओं के मंदिर यहां अलग-अलग स्थान पर बने हुए हैं और तीनों मंदिरों के द्वार विपरीत दिशा में है। तीनों ही देवताओं की मूर्तियों में अद्भुत वास्तुकला देखने को मिलती है। इस मंदिर की वास्तुकला भी मंदिर का आकर्षण केंद्र मानी जाती है।

# 69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड में परफॉर्मेंस देंगी जाह्नवी

फिल्मफेयर अवॉर्ड्स के 69वें संस्करण की मेजबानी इस साल गुजरात कर रहा है। गांधी नगर में आयोजित होने बाले इस समारोह को लेकर कलाकारों में भी काफी उत्साह है। जाह्नवी कपूर इस साल फिल्मफेयर में स्टेज पर परफॉर्म करने वाली हैं। समारोह में शामिल होने को लेकर जाह्नवी ने कहा कि इस बार गुजरात में फिल्मफेयर हो रहा है, जिसका सिनेमा और संस्कृति से गहरा नाता रहा है। मैंने पिछले दिनों गुजरात में काफी समय बिताया था। सच कहूं, तो गुजरात मुझे घर जैसा लगता है। इससे बेहतर जगह फिल्मफेयर अवॉर्ड समारोह के लिए इस बार नहीं हो सकती है। यह पहली बार होगा, जब फिल्मफेयर अवॉर्ड दो दिनों तक चलेगा। वर्कफ्रंट की बात करें तो जाह्नवी जल्द ही फिल्म देवरा पार्ट 1 में भी नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान भी लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए जाह्नवी अपना साउथ में डेब्यू करने वाली हैं। कोराताला शिवा के निर्देशन में बनी यह पैन इंडिया फिल्म 4 अप्रैल को हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज होगी। इस फिल्म के अलावा उनके पास फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भी है। इसमें उनके साथ राजकुमार राव लीड रोल में दिखाई देंगे। ये एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। करण जौहर ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है।

# फेमिनिज्म की परिभाषा बदलने की जरूरत

दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर रिलीज हो गई है। इसमें दीपिका ऋतिक के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आ रही हैं। हाल ही में एक मीडिया बातचीत में दीपिका फेमिनिज्म की परिभाषा पर बात करती नजर आई दीपिका ने कहा, मुझे नहीं लगता कि महिलाएं पुरुषों के बिना सफल हो सकती हैं और पुरुष महिलाओं के बिना। एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे लगता है कि हमें नारीवाद की परिभाषा को दोबारा बदलने की जरूरत है। दीपिका ने सामूहिक सफलता के लिए महिला और पुरुषों के आपसी सहयोग की बात कही।

# कृति सेनन ने हासिल किया खास मुकाम, अभिनेत्री को मिला यूएई गोल्डन वीजा

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कृति सेनन बॉलीवुड की प्रतिभावान कलाकारों में से एक हैं। अपनी कला के दम पर उन्होंने देश के साथ विदेश में भी जबर्दस्त फैन फॉलोइंग बना रखी है। इस बीच अभिनेत्री के नाम एक बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। हाल ही में उन्हें प्रतिष्ठित यूएई गोल्डन वीजा से सम्मानित किया गया है। इसके बाद वे शाहरुख खान जैसी प्रसिद्ध भारतीय फिल्म हस्तियों की श्रेणी में शामिल हो गई हैं, जिन्हें पहले यह सम्मान मिल चुका है। 2019 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा पेश की गई, गोल्डन वीजा प्रणाली लंबी अवधि के निवास वीजा की सुविधा देती है, जिससे विदेशियों को राष्ट्रीय प्रायोजक की आवश्यकता के बिना और उनके 100 प्रतिशत स्वामित्व के साथ यूएई में रहने, काम करने, व्यापार और अध्ययन करने में सक्षम बनाया जाता है। ईसीएच डिजिटल के सीईओ इकबाल मार्कोनी से कृति सेनन को यह गोल्डन वीजा मिला। अपना आभार व्यक्त करते हुए अभिनेत्री ने कहा, यूएई गोल्डन वीजा प्राप्त करना सम्मान की बात है। दुबई का मेरे दिल में एक विशेष स्थान है और मैं इसके जीवंत सांस्कृतिक परिदृश्य का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। कृति से पहले, शाहरुख खान और उनके परिवार, संजय दत्त, सानिया मिर्जा, बोनी कपूर और उनके बच्चे अर्जुन, जान्हवी, खुशी और अंशुला कपूर, संजय कपूर, वरुण धवन, रणवीर सिंह, कमल हासन, मोहनलाल, ममूटी सहित कई हस्तियों को यह वीजा मिल चुका है। उनके अलावा दुलकर सलमान, मौनी रॉय, उर्वशी रौतेला, सुनील शेट्टी, नेहा कक्कड़, फराह खान, सोनू सूद, टोविनो थॉमस और अमला पॉल को भी इस सम्मान से नवाजा जा चुका है।

# बड़े पर्दे पर प्रीति जिंटा की वापसी की तैयारी!

गदर 2 की सफलता के बाद सनी देओल के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। अभिनेता के पास इस समय कई फिल्में हैं, जिसमें वे अपनी अदाकारी का जलवा दिखाते हुए नजर आएंगे। गदर 2 की भारी सफलता के बाद अभिनेता पहले से ही सफर की शूटिंग पूरी करने के करीब हैं। इसके अलावा उनकी फिल्म लाहौर 1947 की सबसे ज्यादा चर्चा है। यह पीरियड फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस द्वारा सह-निर्मित होगी। इसका निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे हैं। फिल्म को लेकर एक ताजा अपडेट आया है। सूत्रों के मुताबिक प्रीति जिंटा संभवत- इस फिल्म से बड़े पर्दे पर अपनी वापसी कर सकती हैं। कहा जा रहा है कि वहां वे लुक टेस्ट के लिए गई थीं। सूत्रों के मुताबिक लाहौर 1947 के लिए अभिनेत्री ने अपना लुक टेस्ट दिया है और संभावना है कि वे सनी देओल के साथ इस फिल्म से वापसी करेंगी। इससे पहले दोनों कलाकार एक साथ हीरो- लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई, फर्ज, भैयाजी सुपरहिट जैसी कई फिल्मों में काम कर चुके हैं।

# रणबीर स्टारर रामायण में विजय सेतुपति की हुई एंट्री

नितेश तिवारी की रामायण की स्टार कास्ट की हर जगह चर्चा हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म के सिलसिले में डायरेक्टर ने विजय सेतुपति से मुलाकात की है। उन्होंने विजय को फिल्म में रावण के भाई विभीषण का किरदार ऑफर किया है। इस बारे में डायरेक्टर से जुड़े करीबी सूत्रों ने बताया कि विजय फिल्म की स्क्रिप्ट और नेरेशन से काफी प्रभावित हुए हैं। एक्टर ने फिल्म के लिए अपनी रूचि भी जाहिर की। हालांकि विजय सेतुपति ने अभी फिल्म साइन नहीं की है, लेकिन वो टीम से लॉजिस्टिक्स और फाइनेंस को लेकर बातचीत कर रहे हैं। बता दें, 12 जनवरी को रिलीज हुई फिल्म मैरी क्रिसमस में विजय सेतुपति कटरीना कैफ के साथ दिखे थे। इसके अलावा विजय शाहरुख खान स्टारर जवान में भी नजर आए थे। रामायण की बात करें तो ये फिल्म 2025 में दिवाली के मौके पर रिलीज हो सकती है। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम और साई पल्लवी सीता के किरदार में नजर आएंगी। रावण के लिए बेशक चन्नस्न के रॉकी भाई फेम यश के साथ ही मेकर्स आगे बढ़ रहे हैं। हनुमान के लिए सनी देओल को लिया गया है। फिल्म के लीड स्टार्स की शूटिंग मार्च से शुरू की जाएगी।





# रणवीर सिंह की सर्कस की असफलता पर बोले रोहित शेट्टी

रोहित शेट्टी बॉलीवुड के सबसे सफल और लोकप्रिय निर्देशकों में से एक हैं। रोहित इन दिनों अपनी हालिया रिलीज सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। इस सीरीज को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। निर्देशक एक के बाद एक ब्लॉकबस्टर फिल्में दे रहे हैं। हालांकि, रणवीर सिंह के साथ उनकी 2022 की कॉमेडी फिल्म सर्कस बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। अब निर्देशक ने इसके पीछे की वजह का भी खुलासा किया है। हाल ही में, सिंघम के निर्देशक ने एक साक्षात्कार में, रणवीर सिंह की सर्कस की विफलता के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि यह फिल्म कोविड-19 महामारी के दौरान बनाई गई थी। रोहित ने कहा, यह महामारी के दौरान बनाई गई थीं, जब चीजें बदल रही थीं। आज अगर मुझे वो विषय बनाना पड़े तो मैं उसे नहीं छूऊंगा और इस विषय पर फिल्म बनाने से पहले जरूर सोचूंगा।

रोहित ने आगे बताया कि उन्होंने महामारी के दौरान यह फिल्म अपनी टीम को व्यस्त रखने के लिए की। रोहित ने कहा, तो हमें क्या करना चाहिए? कार्यकर्ता घर पर बैठे थे और हमारे पास सबसे लंबे समय तक यह स्क्रिप्ट थी। मैंने सोचा, चलो बना देते हैं। कार्यकर्ता भी व्यस्त रहेंगे और हम भी व्यस्त रहेंगे। यह एक स्टूडियो-आधारित फिल्म थी, जिसमें कोई कार नहीं उड़ रही थी, कोई एक्शन नहीं था, कोई धांसू एंट्री ने करानी नहीं थी। फिल्म सर्कस विलियम शेक्सपियर के नाटक कॉमेडी ऑफ एरर्स पर आधारित है और इसमें रणवीर सिंह, वरुण शर्मा, पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में नजर आए थे। फिल्म कोविड-19 महामारी के दौरान सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरना पड़ा था।

निर्देशक के वर्क फ्रंट की बात करें तो रोहित ने हाल ही में रिलीज हुई एक्शन कॉप वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स के साथ डिजिटल स्पेस में कदम रखा। शेट्टी ने सीरीज का निर्माण और सह-निर्देशन किया और इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। रिलीज होने के बाद से ही सीरीज को अधिकतर सकारात्मक समीक्षाएं मिली हैं।

# पुष्पा 2 पहले से बहुत बड़ी फिल्म होगी

रश्मिका मंदाना जल्द ही फिल्म पुष्पा 2 में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ अल्लू अर्जुन भी लीड रोल में दिखाई देंगे। अब फिल्म को लेकर उन्होंने कहा... में आपसे वादा कर सकती हूं कि पुष्पा 2 पहले से बहुत बड़ी फिल्म होगी। पुष्पा में हमने कुछ पागलपन दिखाया था। सीक्वल में यह उससे भी ज्यादा होगा। हर कोई अच्छी फिल्म बनाने के लिए समर्पित है। हम सब अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं और इस प्रक्रिया का मजा ले रहे हैं। यह एक ऐसी कहानी है, जो कभी खत्म नहीं होती। आप इसका कुछ भी बना सकते हैं। आप इसे किसी भी दिशा में ले जा सकते हैं। यह बहुत मजेदार है। यह एक खेल की तरह है। गलती करिए और सुधारिए, यह दिलचस्प है। में इसके लिए बहुत उत्साहित हूं, लेकिन में घबराई नहीं हूं। एक कलाकार के तौर पर मैंने पिछले 1-2 साल में बहुत कुछ सीखा है। अब में पहले से बेहतर प्रदर्शन करती हूं इसलिए में उत्साहित हूं। इससे मुझे और मेरी टोम को आत्मविश्वास मिल रहा है। फिल्म पुष्पा 2021 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बनकर उभरी थी और सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्मों में भी शुमार है। 170 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने 300 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया था। फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन को राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था।

# संगीत की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं परिणीति! गायिकी के जुनून को लाइव मंच पर करेंगी पेश

परिणीति चोपड़ा बॉलीवुड इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्रियों में से एक हैं। अभिनेत्री को फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के लिए दर्शकों से सराहना मिली है। परिणीति ने ना केवल अपने अभिनय का प्रदर्शन किया है, बल्कि अपनी फिल्मों में कई गानों को अपनी आवाज देकर अपनी गायन प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया है। हाल ही में परिणीति चोपड़ा से जुड़ा एक अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेत्री अपनी सिंगिंग की कला को आगे ले जाने को तैयार हैं।

## संगीत की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं परिणीति

परिणीति चोपड़ा संगीत की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेत्री एंटरटेनमेंट कंसल्टेंट एलएलपी के साथ साइन अप करके सिंगिंग के अपने जुनून को एक लाइव मंच पर ले जाने के लिए तैयार हैं। बताया जा रहा है की यह टीएम वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड और टीएम टैलेंट मैनेजमेंट का एक हिस्सा है, जो देश के मशहूर संगीतकारों का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें अरिजीत सिंह, सुनिधि चौहान, बादशाह, अमित त्रिवेदी सहित 25 से अधिक कलाकारों के नाम शामिल हैं।

## इन फिल्मों के गानो को दी आवाज

परिणीति चोपड़ा ने वर्ष 2017 में अपनी फिल्म मेरी प्यारी बिंदु के माना के हम यार नहीं गाने को अपनी आवाज दी थी। इसके आलावा अभिनेत्री ने वर्ष 2019 में आई फिल्म केसरी में देशभक्ति गान तेरी मिट्टी गाकर अपनी आवाज का जादू बिखेरा था। वहीं, वर्ष 2021 की फिल्म द गर्ल ऑन द ट्रेन का मतलबी यारियां गाना गाया था। अभिनेत्री ने शादी में अपने पति राघव चड्ढा को ओ पिया डेडिकेट किया था, जिसे सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए थे। परिणीति का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था।

## परिणीति का वर्कफ्रंट

परिणीति के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री को आखिरी बार अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर और बोमन ईरानी के साथ फिल्म ऊंचाई में देखा गया था। इसके अलावा मिशन रानीगंज- द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू में परिणीति अभिनेता अक्षय कुमार के साथ नजर आई थी। वहीं, अभिनेत्री की आगामी फिल्म की बात करें, तो वे अमर सिंह चमकीला में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे। यह फिल्म पंजाब के एक मशहूर गायक के जीवन पर आधारित है।

# सांसद डा. महेश शर्मा पहुंचे आपके द्वार, दिया आश्वासन

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ''मन की बात'' के कार्यक्रम को बूथ नं. 234 स्थित जागृति अपार्टमेंट, सैक्टर-71, नोएडा में सांसद ने बूथ अध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ताओं एवं सोसाईटीवासियों के साथ सुना। उसके बाद ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-36 में उत्तर प्रदेश ब्राह्मण सभा के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित चेतना स्मारिका के विमोचन समारोह में सम्मिलित हुआ तथा वहां उपस्थित विप्रजनों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद अशोक वाजपेयी तथा अन्य सम्मानित विप्र गण उपस्थित रहे।

इसके उपरांत ''सांसद आपके द्वार'' कार्यक्रमों के दौरान सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार डा.महेश शर्मा ने दादरी विधानसभा के ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन की कई सोसाईटियों जिसमें आम्रपाली सेन्चुरियन पार्क सैक्टर 4, स्का ग्रीन मानसन, श्रीराम अपार्टमेंट सैक्टर 10, साई एन्क्लेव, द रायल हैविटेट सेण्टर (टिवोली), जेपी. ग्रीन्स, अल्फा-2, एवीजे होम्स, ओएसिस होम्स, पी-3, ग्रेटर नोएडा, सुपरटेक सिजार में उपस्थित रहें, वहां के स्थानीय निवासियों ने सांसद का स्वागत किया और अपनी सोसाईटी एवं एक्सटेंशन की समस्याओं के बारें में समाधान कराने हेतू अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान मण्डल अध्यक्ष निर्मल सिंह, बबलू यादव, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, रोहित ठाकुर, रोहित शर्मा, गौरव शर्मा, प्रमोद बहल, मण्डल अध्यक्ष मुकेश चौहान, देवा भाटी, कालूराम शर्मा, सरदीप नागर, ब्राहमण सभा अध्यक्ष सुरेश चंद पचौरी, रोहित भाटी, अध्यक्ष, महेष शर्मा, मण्डल अध्यक्ष, राहुल पंडित, मनोज सिंघल, ओमप्रकाश अग्रवाल, अनुज सिंघल, विक्की गर्ग, हरिशंकर, अर्पित तिवारी, रेनू सिंघल, उवर्षी सिंघल, डा. प्रीति बजाज, सचिन गर्ग सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रालोद ने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व महासचिव का किया स्वागत

**नोएडा (चेतना मंच)।** मनवीर भाटी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं हरवीर सिंह तालान क्षेत्रीय महासचिव मनोनीत होने पर पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने दोनों पदाधिकारी को स्वागत किया।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी ने कहा कि पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह चेयररमैन का धन्यवाद करते हैं । क्षेत्रीय कमेटी में स्थान देकर जो सम्मान किया है मैं गौतमबुद्धनगर जिले के सभी कार्यकर्ताओं की तरफ शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं। तीनों विधानसभा पर बूथ कमेटी आने वाले 15 दिनों में तैयार हो जाएगी जिससे कि हर बूथ पर राष्ट्रीय लोकदल पार्टी का कार्यकर्ता खड़ा मिले।

## 15 दिनों में घोषित हो जाएगी तीनों विधानसभाओं की बूथ कमेटी: जर्नादन भाटी

इस मौके पर जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी अजीत सिंह दौला श्रीमती हेमा पाठक जोगिंदर सिंह तालान आजाद मलिक गजेंद्र अत्री सुबोध चौधरी गोपाल सिंह जसवीर भाटी राहुल भाटी सतवीर नेता महेश बरेला वीरेंद्र पूनिया राज सिंह फौजी वीरेंद्र मलिक वीरपाल मास्टर विनोद प्रधान देवेश चौधरी बिट्टू चौधरी दिनेश चौधरी गिरीश अत्री नीरज शर्मा विनीत भाटी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधिक सहायता शिविर आयोजित

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में निरुद्ध किशोर अपचारियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में नामित पैनल अधिवक्तागण सुरेन्द्र यादव, विकास कुमार व सोनू भडाना द्वारा जिला कारागार में निरुद्ध किशोर अपचारियों के लिये शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में निरुद्ध किशोर अपचारियों को उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित अभियान के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने वाली सहायता के संबंध में अवगत कराया गया तथा शिविर में उन संबंधित किशोर अपचारियों से वार्ता की गई।

शिविर में किशोर अपचारी आरिफ, विकास, सौरभ, अमित, गौरव, मिथुन, मोहित, अक्षय, अंश आदि द्वारा स्वयं को घटना के समय 18 वर्ष से कम उम्र का बताते हुए बालक घोषित कराने के लिए विधि अनुसार कार्यवाही किये जाने के संबंध में विधिक सहायता की माँग की गई। अपर जिला जज/सचिव, (पूर्ण कालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर ऋचा उपाध्याय द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि उपरोक्त निर्देशों के अनुपालन मे किशोर अपचारियों के मुकदमो में पैनल अधिवक्त डीएलएसए द्वारा नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सपा विधायक व पूर्व मंत्री के निधन पर शोक जताया

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-11 स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने सपा विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ एसपी यादव के निधन पर शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

इस मौके पर देवेन्द्र अवाना ने कहा कि डा एसपी यादव के निधन से समाजवादी पार्टी में शोक की लहर है। उनके निधन से समाजवादी पार्टी को भारी क्षति हुई है जिसकी भरपाई करना असम्भव है। इस मौके पर पूर्व प्रदेश सचिव रामवीर यादव ने कहा कि विधायक एस पी यादव बहुत सरल स्वभाव मधुर भाषी थे। उनमें एक ओर जयप्रकाश नारायण दूसरी तरफ डा राममनोहर लोहिया की छवि झलकती थी। पूर्व विधानसभा सभा अध्यक्ष देवेन्द्र गुर्जर ने कहा कि डा एसपी यादव ने हमेशा कमजोर वर्ग के लिए संघर्ष किया। उनका संघर्ष हमेशा याद किया जायेगा। इस मौके पर देवेन्द्र अवाना, रामवीर यादव, देवेन्द्र गुर्जर गगन अवाना गौरव मुखिया, विरेन्द्र शर्मा, बबली, पप्पू राम, जोगिंदर, अरमान, आदि उपस्थित रहे।

**कृष्णा मंडल के महामंत्री रामेश्वर यादव के आवास पर बूथ नंबर 618 पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' का कार्यक्रम सुनते हुए युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव व अन्य कार्यकर्ता।**

# कृत्रिम अंग के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर करें आवेदन

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिला अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा पात्र दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से जनपद में कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के तहत आवेदन/पंजीकरण के लिए विभाग द्वारा ऑनलाईन पोर्टल divyang-janup.upsdc.gov.in विकसित किया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे पात्र दिव्यांगजन, जिन्हें कृत्रिम अंग/सहायक उपकरणों की आवश्यकता है अपने अभिलेखों- दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दिव्यांगता दर्शाता रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो, वोटर आई0डी0 कार्ड/यू0डी0आई0डी0 कार्ड, आय प्रमाण पत्र शहरी क्षेत्र 56460/- वार्षिक एवं ग्रामीण क्षेत्र-46080/- वार्षिक, उपकरण के लिए चिकित्सा अधिकारी से संस्तुति प्रमाण-पत्र आदि के साथ ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया की उक्त योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए दिव्यांगजन किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विकास भवन कमरा नंबर 107 सूरजपुर में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

# जैन मुनि की मौजूदगी में राजाराम जैन सम्मानित

**नोएडा (चेतना मंच)।** श्री दिगम्बर जैन भगवान पार्श्वनाथ प्रभावना समिति, सेक्टर 50, एवम सकल जैन समाज नोएडा ने आचार्य सुनील सागर महाराज कि उपस्थिति में पद्मश्री से विभूषित को शाल और स्मृति चिन्ह देकर के सम्मान किया। के.के. जैन ने अध्यक्ष, विश्व जैन संगठन तथा दिनेश जैन ने कहा कि राजारामजी को पदम श्री अवार्ड नवाजने की खबर से संपूर्ण जैन समाज और नोएडा शहर के लिए बहुत खुशी और गौरव की बात है। इस अवसर पर राजाराम ने आचार्य सुनील सागर महाराज को अपने द्वारा लिखे गई पुस्तकों के अंशो को संस्कृत और प्राकृत भाषा में सुनाया।

इस अवसर पर संरक्षक दिनेश जैन, दिनेश कुमार जैन, राहुल जैन, के के जैन, प्रदीप जैन सी.ए, पंकज जैन, दिनेश महासचिव विश्व जैन संगठन, जैन,शरद जैन, अर्चना जैन, मोनिका जैन, रश्मि जैन, एच के जैन तथा बड़ी संख्या महिलाएं उपस्थित थे।

# जेवर एयरपोर्ट में फ्लाईट के संचालन को रूस से मंगाया जा रहा रडार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के पास बन रहे जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से फ्लाइट उडाने के कार्यों को तेजी प्रदान की जा रही है। फ्लाइट के सफल संचालन के लिए रूस से रडार मंगाया जा रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि रूस से रडार भारत के लिए रवाना हो जाएगा। रडार की स्थापना होते ही जेवर एयरपोर्ट से उड़ानों के ट्रायल का काम शुरू कर दिया जाएगा।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किए जा रहे जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है। सीएम योगी आदित्यनाथ इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द शुरू कराने का प्रयस कर रहे हैं। फरवरी माह से जेवर एयरेपार्ट से उड़ान भरने का ट्रायल होगा, जबकि सितंबर 2024 से विधिवत उड़ान भरना शुरू कर देंगी।

आपको बता दें कि किसी भी एयरपोर्ट से उड़ानों के सफल संचालन में एयरपोर्ट सर्विलांस रडार (ASR) की अहम भूमिका होती है। इसके बिना संचालन करना आसान नहीं होता है। जेवर एयरपोर्ट पर इससे संबंधित काम सितंबर 2024 तक पूरा होता नहीं दिख रहा था। रडार के लिए रूस की जिस कंपनी को ऑर्डर दिया गया है, वह दिसंबर 2024 तक आपूर्ति करने की बात कह रही थी। लेकिन पिछले महीने हुई समीक्षा बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फरवरी माह में उड़ानों का ट्रायल और सितंबर में प्रस्तावित उड़ान हर हाल में होना चाहिए।

सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा दिए गए आदेश के बाद जेवर एयरपोर्ट के निर्माण में लगे अधिकारियों ने केंद्र सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय संपर्क किया।

मंत्रालय के अधिकारियों से कहा गया है कि किसी भी तरह रडार की व्यवस्था की जाए। इस पर प्रयास तेज कर दिया गया। रूस की एक कंपनी सितंबर से पहले रडार भेजने को तैयार है। यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक रडार रसिया से चल चुका है।

# पृथ्वी संरक्षण के लिए साइक्लोथॉन का आयोजन

**नोएडा (चेतना मंच)।** बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम तथा पृथ्वी संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने के उददेश्य से मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल द्वारा साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। साइक्लोथॉन में करीब 380 छात्र-छात्राओं युवाओं ने हिस्सा लेकर लोगों को स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए जागरूक किया।

'साइक्लोथॉन' में मुख्य अतिथि के रूप में गिनीज़ बुक में कीर्तिमान दर्ज करने वाली, साइकलिस्ट व धाविका, सुश्री गुर्लीन कौर उपस्थित रहीं। विद्यालय के कार्यकारी निदेशक लवकेश मगु तथा प्रधानाचार्या श्रीमती निंदिया साकेत तथा आयोजन का शुभारंभ करते हुए प्रतिभागियों को यातायात के नियमों से अवगत कराया तथा साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 15 किलोमीटर लंबी इस 'साइक्लोथॉन' में 380 प्रतिभागियों (छात्र, युवा, युवती, वृद्ध) ने मुख्य अतिथि एवं सभी यातायात पुलिस कर्मियों व मार्शल के निर्देशन में पूरे जोश व आत्मविश्वास के साथ हिस्सा लिया। साइकिल सवार प्रतिभागियों के समूह ने यह रैली मानव रचना विद्यालय परिसर नोएडा से आरंभ करके, ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से होते हुए वापस विद्यालय परिसर में आकर समाप्त की।

मुख्य अतिथि सुश्री गुर्लीन कौर ने इस आयोजन में हिस्सा लेने वाले लोगों से पृथ्वी और शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए अपनी दिनचर्या में साइकिल को शामिल करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि साइकिल के प्रयोग से जहां प्रदूषण कम होगा वहीं हमारे अंदर एक नई ऊर्जा उत्पन्न होगी।

विद्यालय की प्रधानाचार्या निंदिया साकेत ने कहा कि 'साइक्लोथॉन' का मुख्य उद्देश्य विश्व में बढ़ते प्रदूषण को रोकना, लोगों में अपने स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए जागरूकता तथा एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना को जागृत करना था। इस रैली में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के कार्यकारी निदेशक लवकेश मगु एवं प्रधानाचार्या निंदिया साकेत ने मुख्य अतिथि, यातायात नोएडा पुलिस तथा सभी स्वयंसेवकों का उनके सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

'साइक्लोथॉन' के द्वितीय संस्करण को प्रायोजित करने में डेकाथलॉन, साइक्लोफिट, वी यूनिफॉर्म, पंजाबी फीवर व नाइंटी वन ने मुख्य रूप से सहयोग किया।